रोहतक
शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 70
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 42.8
न्यून. 18.8

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

5 ओलंपिक : 70 किग्रा वजन वर्ग में जा सकती है लवलीना

सोनीपत। अनाज मंडी में बारिश के कारण भीगा गेहूं। दादरी में भी ऐसा ही हाल रहा। फोटो : हरिभूमि

बारिश के पानी में डूबी ढेरियां

सोनीपत, पानीपत, फरीदाबाद गुरुग्राम, करनाल, जींद, भिवानी, कैथल, चरखीदादरी पलवल, सिरसा और फतेहाबाद में बारिश

रतिया और नरवाना में ओले भी गिरे, किसान परेशान

कई जिलों में धूलभरी आंधी चली, नूंह में आसमानी बिजली गिरने से भैंस की मौत

सूबे के कई जिलों में बारिश, गेहूं भीगा, किसानों की सांसें फूलीं

मौसम खराब होने से भारी नुकसान का अंदेशा, कुछ स्थानों पर पेड़ और पोल गिरे

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में गुरुवार को कई जिलों में बारिश होने और धूलभरी आंधी चलने से किसानों की सांसें फूल गई। मंडियों में गेहूं की फसल भीगने से नुकसान का अंदेशा है, वही खेतों में कटाई प्रभावित होगी। गुरवार को दोपहर बाद पानीपत, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, करनाल, जींद, भिवानी, कैथल, पलवल, चरखी दादरी के बाढड़ा, सिरसा के डबवाली और फतेहाबाद के रतिया के अलावा भूना में बारिश हुई। वहीं, रतिया और नरवाना में बारिश के साथ ओले भी गिरे। नूंह और कुरुक्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। कई जिलों में की अनाज मंडियों में बारिश के कारण गेहूं भीग गया। अनाज मंडियों में पानी भरने से पानी में गेहूं की बोरियां और ढेरियां डूबी दिखीं। शाम को करीब 5 बजे नूंह में आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई, इससे पहले रेवाड़ी के धारूहेड़ा रोड पर सुबह करीब 5 बजे आंधी के कारण एक यूनिपोल टूट गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहा बुजुर्ग इसके नीचे दब गया। बुजुर्ग को निकाला गया तो उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक की शिनाख्त जोनावास गांव निवासी राजकुमार के तौर पर हुई है। वह मूल रूप से राजस्थान के अलवर जिले में पावटी गांव के रहने वाले थे।

रेवाड़ी में पैदल चल रहे व्यक्ति पर गिरा होर्डिंग, मौके पर ही मौत

अब 14 के बाद चढ़ेगा पारा

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदनलाल खीचड़ ने कहा कि 3-4 दिनों से पूर्वी हवाएं चल रही हैं, लेकिन तापमान लगातार बढ़ रहा था। जो पहले तापमान 36 डिग्री सेल्सियस था, अब वह 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल रात्रि से सक्रिय हुए पयचिमी विक्षोभ के कारण यह बारिश हई है। अब 14 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इसके बाद तापमान बढ़ेगा।

मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने 24 से 48 घंटे के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। नांगल चौधरी, नारनौल, अटेली, महेंद्रगढ़, कनीना, भद्रा, लोहारू, दादरी, भिवानी, तोशाम, बावल, रेवाड़ी व बवानीखेड़ा में बादल छाने की संभावना है। ओलावृष्टि और तेज हवाएं चल सकती हैं। ऐसे में किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

किसानों की चिंता बढ़ी

मौसम परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। इस समय प्रदेशभर में गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। कई किसानों की फसल खेतों में खड़ी हैं, जबकि कुछ ने कटाई के बाद खेतों में ही गेहूं की ढेरियां लगाई हैं। बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान होगा। वहींए सब्जियां जैसे टमाटर, खरबूजा और तरबूज की फसलों को भी नुकसान होगा।

तापमान में गिरावट आने से भीषण गर्मी से मिली कुछ राहत

भारत की बड़ी सफलता, मुंबई हमले का मास्टरमाइंड अमेरिका से प्रत्यर्पित

पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई पूरी, एनआईए ने 20 दिन की रिमांड मांगी

भारत लाया गया तहव्वुर राणा एनआईए ने किया गिरफ्तार

तहव्वुर राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमले का मास्टमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा (64) को अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को भारत लाया गया। उसे एक विशेष विमान से पालम एयरपोर्ट पर उतारा गया। राणा को भारत लाया जाना सरकार की बड़ी उपलब्धि और कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। 26/11/2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता राणा को अमेरिका के लॉस एंजिल्स से विशेष विमान में एनएसजी, रॉ और एनआईए की टीमें लेकर आई हैं। हवाई अड्डे पर एनआईए की जांच टीम ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, मुख्य रूप से शिकागो (अमेरिका) में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर को विमान से उतरते ही गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। एनआईए ने कोर्ट से 20 दिन की रिमांड मांगी है। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

कौन है तहव्वुर हुसैन राणा

तहव्वुर हुसैन राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिकी है । उसका जन्म 12 फरवरी 1961 को चिचावतनी, पंजाब (पाकिस्तान) में हुआ था। तहव्वुर राणा ने पाकिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई की और सेना में बतौर डॉक्टर काम किया। इसके बाद वह पत्नी के साथ शिकागो (अमेरिका) शिफ्ट हो गया। शिकागो में रहते हुए उसने इमिग्रेशन सर्विसेज बिजनेस शुरू किया और इसी दौरान कनाडा की नागरिका भी हासिल कर ली। वह मुंबई हमले के मास्टर माइंड डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का काफी करीबी बताया जाता है। हेडली 26/11 हमले का एक मुख्य साजिशकर्ता था। हेडली और राणा स्कूल के समय से दोस्त थे। हेडली ने बाद में स्वीकार किया कि वह लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था।

पहली तस्वीर सामने आई

भारत पहुंचने के बाद तहव्वुर राणा की पहली तस्वीर सामने आई। हालांकि इसमें उसका चेहरा नजर नहीं आ रहा है। एनआईए के अधिकारी उसे पकड़े हुए हैं। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप है। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड रिचर्ड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

अदालत के बाहर जवान तैनात

दिल्ली स्थित पटियाला हाउस अदालत के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जहां राणा को पेश किए जाने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) देवेश महला स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर मौजूद थे, ताकि उस अदालत में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके जहां राणा को पेश किया जाएगा। सीआईएसएफ के अलावा अन्य अर्धसैनिक बलों के कर्मियों को अदालत के बाहर तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए आगंतुकों की गहन तलाशी ली जा रही है। (पैकेज पेज 7 पर)

आईपीएल में आज

चेन्नई सुपर V/S कोलकाता राइडर्स
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
चेन्नई

खबर संक्षेप

लाल किले व जामा मस्जिद पर बम विस्फोट धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किले और जामा मस्जिद को निशाना बनाकर बम विस्फोट किए जाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर गहन जांच की। हालांकि जांच के बाद धमकी फर्जी मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दिल्ली में चार बांग्लादेशी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। बवाना व महिपालपुर से 4 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन प्रॉपर्टी डीलर का काम करते थे। आरोपितों की पहचान मुस्ताक और उसके बेटों शाहिद खान एवं मिंटू के रूप में हुई है। भाषा

दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट की मौत कॉकपिट में आई उल्टियां

कॉर्डियक अरेस्ट से गई जान अरमान की उम्र 28 साल थी

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होना शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान है। अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी।

पायलट श्रीनगर से दिल्ली विमान लेकर पहुंचा था विमान लैंडिंग के तुरंत बाद हुई परेशानी

कॉकपिट में उल्टी की

साथी कर्मचारियों ने बताया कि लैंडिंग के बाद पायलट ने कॉकपिट में उल्टी की थी और फिर एयरलाइन के डिस्पैच ऑफिस में कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई। हालांकि, अभी तक कार्डियक अरेस्ट की वजहों का पता नहीं लग पाया है, कई बार विमान में एयर टर्बुलेंस की वजह से भी हार्ट अटैक होने की संभावना रहती है। पायलट के शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका पता लग पाएगा।

विनेश फोगाट ने 4 करोड़ रुपये का ऑफर स्वीकारा

चंडीगढ़(ब्यूरो) कांग्रेस विधायक एवं पहलवान विनेश फोगाट ने सूबे की नायब सैनी सरकार द्वारा दिए गए विकल्पों में एक चुन लिया है। विनेश ने चार करोड़ कैश अवार्ड लेने का ऑफर स्वीकार कर लिया है। सरकार की तरफ से उन्हें तीन ऑफर दिए गए थे। इनमें सरकारी नौकरी, प्लाट या चार करोड़ कैश शामिल था। हालांकि विनेश फोगाट ओलिंपिक से बिना मेडल ही देश लौटी थीं। ओलंपिक से डिसक्वालीफिकेशन विवाद के बाद विनेश ने कुश्ती से संन्यास का निर्णय लेकर सबको चौंकाया था और उसके बाद राजनीति में कदम रख लिया था। वह कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़कर जुलाना से विधायक बन गई हैं। विनेश ने हरियाणा सरकार में खेल विभाग को पत्र भेज दिया है, जिसके बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।

सीएम सैनी द्वारा दिए विकल्पों में एक चुना विनेश फोगाट ने

प्रदेश में 120 डॉक्टर्स भर्ती होंगे होम्योपैथी को मिलेगा बढ़ावा

चंडीगढ़(ब्यूरो)। हरियाणा में होम्योपैथी चिकित्सा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की तैयारी है। विश्व होम्योपैथिक दिवस पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सेक्टर-20 में आयोजित कार्यक्रम में वर्मा ने बताया कि होम्योपैथी की 250 वर्ष पुरानी चिकित्सा पद्धति आज जनमानस में विशेष स्थान रखती है। हरियाणा सरकार ने होम्योपैथिक चिकित्सकों के 120 नए पद मंजूर किए हैं। इनकी भर्ती जल्द की जाएगी। अंबाला के चांदपुरा में एक नया होम्योपैथिक कॉलेज बनेगा। इस परियोजना के लिए सरकार ने 55.85 लाख रुपये की मंजूरी दी है। कॉलेज का निर्माण वित्त वर्ष 2025-26 तक पूरा होगा।

अंबाला में बनेगा कॉलेज, महानिदेशक ने की घोषणा

फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्देश, केंद्र सरकार 3 माह में नियम बनाए

केंद्र ने कहा, एक्सपर्ट कमेटी केंद्र के सुझाव पर रिपोर्ट पेश करेगी

पैक्ड फूड पर चेतावनी स्पष्ट लिखें कितना शुगर, हानिकारक फैट बताएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए। कोर्ट ने ये आदेश एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है। केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी है। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह समिति जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करे, ताकि उसी आधार पर एफएसएसएआई लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके।

आईसीएमआर ने दी थी चेतावनी

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के तहत हैदराबाद बेस्ड नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन (एनआईएन) ने भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। एनआईएन ने कहा, 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) के सख्त मानदंड हैं, लेकिन लेबल पर दी गई जानकारी भ्रामक हो सकती है।' कुछ उदाहरण देते हुए एनआईएन ने कहा कि किसी फूड प्रोडक्ट को 'नेचुरल' कहा जा सकता है, यदि इसमें एडेड कलर्स, फ्लेवर्स और आर्टिफिशियल सब्सटेंसेस नहीं मिलाए गए हैं और यह मिनिमल प्रोसेसिंग से गुजरता है।

लेबल, इंग्रिडिएंट्स व अन्य जानकारी ध्यान से पढ़ें

एनआईएन ने कहा, 'नेचुरल' शब्द का अक्सर इस्तेमाल किया जाता है, भले ही पैक्ड फूड में केवल एक या दो नेचुरल चीजें शामिल हों। ऐसे में ये भ्रामक हो सकता है इसलिए लोगों को सामग्री और अन्य जानकारी को ध्यान से पढ़ना जरूरी है। बेहतर सेहत के लिए पैक्ड फूड के लेबल पर किए गए दावों की अच्छे से जांच करें।

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की जमीन का किया निरीक्षण

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने रेवाड़ी में प्रस्तावित 200 बेड के अस्पताल के निर्माण के लिए चिन्हित की जा रही जमीन का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने गांव सहबाजपुर खालसा और बेरियावास में प्रस्तावित स्थानों का दौरा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रदेशवासियों को मिलेगी सौगात : पंवार

चंडीगढ़। सूबे के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेशवासियों को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नागरिकों को हजारों, करोड़ों रुपये की सौगात मिलेगी। इस सौगात को देने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा की धरा पर पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा। उन्होंने लोगों को ज्यादा से ज्यादा से संख्या में यमुनानगर पहुंचने का आह्वान किया है।

हरियाणा को नशा मुक्त करने का संकल्पः गौतम

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के संकल्प के साथ साइक्लोथॉन यात्रा आज 'हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना' संदेश के साथ पलवल से फरीदाबाद के लिए रवाना हो गई। हरियाणा के खेल मंत्री श्री गौरव गौतम ने मुख्यमंत्री की 'ड्रग फ्री हरियाणा' मुहिम को शुभकामनाओं के साथ फरीदाबाद के लिए रवाना किया। साइक्लोथॉन में जिलावासियों ने एक स्वर में 'हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना' का संकल्प लिया।

कर्मचारियों को नोटिंग लिखने की ट्रेनिंग दी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने नए सिविल सचिवालय में अधिकारियों और सलाहकारों के लिए संवादात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस सत्र का मकसद नोटिंग, सरकारी आदेश और शिकायतों के समाधान से जुड़ा काम बेहतर तरीके से करना सिखाना था। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य सरकारी दस्तावेज तैयार करते समय स्पष्टता, संक्षिप्तता और व्यावहारिक को बढ़ावा देना था।

अवैध वसूली वाले स्कूलों पर कार्रवाई हो : हुड्डा

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने निजी स्कूलों की मनमानी के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से अभिभावकों की कई शिकायतें सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि स्कूल प्रबंधन उनसे विभिन्न प्रकार के अवैध शुल्क वसूल कर रहा है। इतना ही नहीं, किताबों के नाम पर भी उनसे कई गुना ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों पर कुछ चयनित दुकानों से ही किताबें लेने के लिए दबाव डाला जाता है।

लिंगानुपात सुधारने के लिए एसटीएफ बनाई, 1500 में से 300 एमटीपी केंद्रों के पंजीकरण रद, हिसार के नोडल अधिकारी निलंबित, 12 एसएमओ को नोटिस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- 23 एमटीपी केंद्रों को नोटिस जारी किए, 17 ऑनलाइन एम .टी .पी . किट विक्रेताओं पर एफआईआर

हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन कर दिया है। राज्य टास्क फोर्स के सदस्यों में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा, महानिदेशक महिला एवं बाल विकास, महानिदेशक आयुष, निदेशक, पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी), स्वास्थ्य विभाग, राज्य औषधि नियंत्रक और पुलिस विभाग शामिल हैं। एनएचएम के निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव एसटीएफ के संयोजक हैं। एसटीएफ हर मंगलवार को समीक्षा और क्षेत्र का दौरा करता है। डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि एसटीएफ राज्य में पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम को सख्ती से लागू कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप हरियाणा में 1500 मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) केंद्रों में से 300 के पंजीकरण रद कर दिए गए हैं या स्वेच्छा से वापस ले लिए गए हैं। इस सप्ताह 23 एमटीपी केंद्रों को नोटिस जारी कर उन्हें बंद करने का कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पिछले दो महीनों में 17 ऑनलाइन एमटीपी किट विक्रेताओं के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त पिछले तीन महीनों में 23 पीएनडीटी छापे मारे गए हैं और इन केंद्रों को बंद कर दिया गया है। इसके अलावा, जिला हिसार के नोडल अधिकारी, पीएनडीटी को निलंबित कर दिया गया है और 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) नाहर जिला रेवाड़ी, तोशाम जिला भिवानी, दनौदा जिला जींद, कुंजपुरा जिला करनाल, टाउरू जिला नूंह, तिगांव जिला फरीदाबाद, भट्टू कलां जिला फतेहाबाद के प्रभारी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सिविल सर्जन हिसार अवैध गर्भपात में शामिल दलाल उषा के खिलाफ आपराधिक मामला तथा एफआईआर दर्ज करने की तैयारी कर रहे हैं। सिविल सर्जन, रोहतक तथा सोनीपत ने पूजा मामले में एफआईआर दर्ज की है, जिसके 2 लड़कियां हैं, जिसे गर्भपात के लिए मजबूर किया गया था। इसके अलावा, सभी विभाग, जैसे कि महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायती राज आदि भी बेटियों को बचाने और शिक्षित करने का संदेश जनता तक पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में हरियाणा का लिंगानुपात 910 से सुधार कर 911 हो गया है।

तीन एसएमओ चार्जशीट

अटेली जिला महेंद्रगढ़, उकलाना जिला हिसार, बड़ोपल जिला फतेहाबाद, निसिंग जिला करनाल तथा लाडवा में लिंगानुपात कम होने के कारण यदि उनका उत्तर असंतोषजनक पाया गया तो उन्हें चार्जशीट किया जाएगा। सबसे कम लिंगानुपात वाले 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी एसएमओ को चार्जशीट किया जाएगा। इसके अलावा, राज्य में सबसे कम लिंगानुपात वाले 5 जिलों चरखी दादरी, रेवाड़ी, रोहतक, गुरुग्राम तथा फरीदाबाद के पीएनडीटी नोडल अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है।

भ्रूण हत्या में संलिप्त मिलने पर बंद होंगे केंद

डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि दो लड़कियों वाली गर्भवती महिलाओं का एमटीपी करने वाले सभी एमटीपी केंद्रों का नियमित निरीक्षण और निगरानी की जाए तथा यदि वे कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त पाए जाते हैं तो उन्हें बंद कर दिया जाए तथा एमटीपी केंद्रों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर तुरंत निर्णय लिया जाए तथा कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त स्त्री रोग विशेषज्ञों के लाइसेंस रद किए जाएं। डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि शहरी में सभी वार्ड (क्षेत्र) संबंधित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी) शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) की आशा और एएनएम को डेटा संग्रह के लिए आवंटित किए जाएंगे, ताकि लड़का और लड़की का शिशु जन्म रिकॉर्ड किया जा सके जो लिंग अनुपात में सुधार करने में सहायता करेगा।

सख्ती

एमटीपी किट विक्रेताओं की सूची तैयार होगी

राज्य औषधि नियंत्रक को निर्देश दिए गए हैं कि वे राज्य में एमटीपी किट के थोक विक्रेताओं/स्टॉकिस्टों की सूची तैयार करें तथा इन किटों की बिक्री केवल पंजीकृत एमटीपी केंद्रों तक ही सीमित रखी जाए। एसीएस, स्वास्थ्य ने आगे निर्देश दिया कि सभी गैर-पंजीकृत आईवीएफ केंद्रों को बंद किया जाना चाहिए और विषम लिंगानुपात वाले आईवीएफ केंद्रों की पूरी तरह से जांच की जानी चाहिए और अगर कदाचार में लिप्त पाए जाते हैं तो उन्हें बंद कर दिया जाना चाहिए।

जागरूकता

62,000 गर्भवतियों की पहचान की, कर रहे फोन

स्वास्थ्य विभाग ने 1 या 1 से अधिक लड़की वाली 62,000 गर्भवती महिलाओं की पहचान की है और इन गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग की हेल्पलाइन नंबर 104 के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि कन्या भ्रूण हत्या पाप है। इसके अलावा, यह प्रस्ताव किया गया है कि आशा को उन गर्भवती महिलाओं से लिंक किया जाएगा जिनके पास दो से अधिक बेटियाँ हैं और हरियाणा द्वारा संबंधित आशा को बेटी के सफल प्रसव के लिए 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी"।

एसीबी ने सिफारिश के साथ मुख्य सचिव के पास भेजा मामला

सोनीपत के बरही में प्लाटों का फर्जीवाड़ा दो अफसर चार्जशीट, अब केस की तलवार

- एचएसआईआईडीसी के प्लाटों को लेकर विवाद
- आरोपपत्र देने के बाद में दो कमेटी गठित, प्लाट गलत ट्रांसफर करने के मामले में चार अधिकारी और एक कमेटी में एक अफसर की लगाई ड्यूटी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के राजस्व में मोटा चूना लगाने वाले कुंडली की तरह से ही बरही (सोनीपत) में प्लाटों का फर्जीवाड़ा सामने आया है। उक्त पूरे मामले में एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने मुख्य सचिव के यहां पर फाइल भेजी है, जिसमें केस दर्ज कराने 17-ए की पर्मिशन मांगी है। उक्त मामला फिलहाल, लंबित चला आ रहा है। हालांकि मुख्य सचिव के आदेश पर दो अधिकारियों को चार्जशीट कर दिया गया है। उनमें एक स्टेट मैनेजर मनोज बंसल, एक मैनेजर मंजीत बल्हारा के नाम शामिल हैं, बंसल रिटायर हो चुका है। बता दें कि कुंडली में भी पहले इस तरह का फर्जीवाड़ा सामने आया था, जिसमें 879 नंबर-2022 कुंडली थाने में केस दर्ज किया गया था, जिसकी जांच चल रही है। मामले में फैक्ट्री मालिक और एचएसआईआईडी के कुछ अधिकारियों पर फर्जी बिल लगाकर धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज हुआ था। यह मामला भी मुख्य सचिव की पर्मिशन के बाद में दर्ज हुआ था। उक्त मामले में भी कुछ लोगों ने लीपापोती कर क्लीन चिट दी गई लेकिन सीएम फ्लाइंग ने पूरे मामले में गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कराया था। जिसमें जांच लंबित चली आ रही है। जीएसटी और फैक्ट्री के बिलों को केवल मात्र छह करोड़ 51 लाख 26 हजार दर्शाया गया , इतना ही नहीं मामले में दस्तावेज भी फर्जी लगाए गए थे। सीएम फ्लाइंग ने पूरे मामले में जांच पड़ताल की, तो बड़ा खुलासा हो गया था।

प्रोजेक्ट चला हुआ दिखाया

उधर, अब ताजा मामले में जिन प्रोजेक्ट्स को चला हुआ दिखाया जा रहा है, हालांकि मौके पर कुछ नहीं था। जिसके बाद में पूरे मामले में एचएसआईआईडीसी के ही एक अधिकारी ने की थी। जिस पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने मामले केस दर्ज करने की सिफारिश मुख्य सचिव के पास में भेजी है। बताया जा रहा है कि उक्त पूरा मामला मुख्य सचिव के यहां पर पैडिंग है। लेकिन मामले में किसी भी वक्त केस दर्ज होने के डर से गोलमाल करने वालों की नींद हराम हो गई है।

पहले ही क्लीन चिट

अहम बात यह है कि जिन अधिकारियों को जांच में शामिल किया है, उसमें एक चर्चित अधिकारी पहले ही क्लीन चिट दे चुका था। पहले भी कई तरह के विवादों और विदेश यात्रा के कारण चर्चाओं के घेरे में रहा है। इसके पहले उक्त मामले सीएम विंडों पर की गई शिकायत में उक्त अधिकारी ने ही क्लीन चिट दी दी थी। बताया गया है कि जांच के लिए गठित टीम में रिटायर को भी लगा दिया गया था। अब उक्त पूरा मामला तूल पकड़ रहा है।

चार प्लॉट्स का मामला

बताया जा रहा है कि उक्त पूरा का पूरा मामला चार प्लाटों का है, जिसमें गोलमाल की आशंका है। इन प्लाटों के मामले में हर बार क्लीन चिट दी जाती रही थी, अब एंटी करप्शन ब्यूरो ने पूरे मामले में पड़ताल व जांच कर केस दर्ज करने की सिफारिश करने के कारण कुछ लोगों पर कानूनी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। आने वाले दिनों में इस तरह के तत्वों पर शिकंजा कसने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री सैनी ने संत कबीर कुटीर पर सुनीं लोगों की समस्याएं

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार के दौरान बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समस्याओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के लिए सीएम हाउस के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं।

केंद्र और राज्य सरकार जनता के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : सीएम सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें आम लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए 24 घंटे काम कर रही हैं। कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में बुधवार देर शाम एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि गरीबों की समस्याओं और मुद्दों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों का उत्थान हो रहा है। कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल और हरियाणा के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी इस अवसर पर मौजूद थे।पिछले साल हुए चुनावों में केंद्र और हरियाणा में भाजपा की सत्ता बरकरार रहने और हाल ही में राज्य के नगर निगम चुनावों में मिली जीत का जिक्र करते हुए सैनी ने कहा, "जिस तरह से पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत से राज्य में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है, उसी तरह वे इस ट्रिपल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

14 अप्रैल को प्रधानमंत्री हरियाणा आएंगे

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि चौदह अप्रैल को बी. आर. आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा आ रहे हैं। इस दौरान वह हिसार में हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल प्लांट की आधारशिला रखेंगे। सैनी ने कहा कि राज्य सरकार हर व्यक्ति के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए तीव्र गति से विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को अपनी समस्याओं को लेकर चंडीगढ़ न आना पड़े, इसके लिए जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

एचकेआरएन कर्मचारी उसी पद पर नियमति हों: सैलजा

चंडीगढ़। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड कर्मचारियों की नौकरी से हटाने के बजाए सरकार को उन्हें नियमित करना चाहिए ताकि उन पर छंटनी की तलवार न लटकी रहे। वैसे भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहले कर्मचारियों को नौकरी से न हटाने का वादा किया था और जॉब सुरक्षा की गारंटी भी दी थी, पर अब सरकार नए कर्मचारियों की भर्ती के लिए पुराने कर्मचारियों को निकाल रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में लाखों पद खाली पड़े हुए है और उन पदों को भरने के बजाए एचकेआरएन के तहत अस्थायी कर्मचारी रखे हुए है जिन्हें वेतन भी बहुत कम दिया जाता है और उनसे काम नियमित सरकारी कर्मचारी की भांति लिया जा रहा है। इन कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर ही नौकरी पर रखा गया है।

ट्रांसजेंडर शिक्षिका के स्कूल को मान्यता दिलाने का मामला, अब आयोग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने शिक्षा के क्षेत्र में समानता और समावेशन को बढ़ावा देते हुए अदिति, ट्रांसजेंडर व्यक्ति और हरियाणा पब्लिक स्कूल संस्थापक, के पक्ष में आदेश जारी किया है। स्कूल करनाल में वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित किया है। आदिति ने स्कूल की मान्यता नहीं मिलने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें भूमि संबंधित मानकों को मुख्य अड़चन बताया गया। वर्ष 2014-15 में स्थापित यह स्कूल 800 वर्ग मीटर में बना है, जबकि संशोधित नियमों के अनुसार 1500 वर्ग मीटर की आवश्यकता है। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस ललित बत्रा, दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने आदेश में स्कूल की मान्यता पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के लिए कहा है। आयोग ने कहा कि केवल भूमि मानदंड के आधार पर मान्यता न देना अधिनियम, 2019 की भावना के विरुद्ध है। अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को स्वरोजगार, शिक्षा में पहुंच और भेदभाव रहित व्यवहार सुनिश्चित करे। आयोग ने सरकार से समावेशी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। आयोग के प्रोटोकॉल, सूचना व जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्राथमिक शिक्षा निदेशक को निर्देश दिया है कि वे 2 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।

संगठन विस्तार को इनेलो ने किया मंथन, पदाधिकारियों की बैठक

चंडीगढ़। पार्टी संगठन विस्तार को लेकर गुरुग्राम में इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला की अध्यक्षता में आठ जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, पलवल, मेवात, रोहतक, झज्जर और सोनीपत के नवनियुक्त पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के अलावा प्रकाश भारती, उमेद लोहान, अदित्य देवीलाल और करण चौटाला उपस्थित रहे। इन आठ जिलों के संगठन के बाकी बचे सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की जिम्मेदारी प्रकाश भारती और करण चौटाला को दी गई। दोनों आठ जिलों की अपनी रिपोर्ट पार्टी हेड ऑफिस में देंगे। सभी जिला अध्यक्षों को अपने अपने जिलों में पार्टी कार्यालय खोलने और कार्यालय सचिव नियुक्त करने के निर्देश दिए। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि चेहरा दिखाने वाले और काम न करने वाले लोगों का संगठन में कोई स्थान नहीं होगा। संगठन में साफ छवि के लोगों को शामिल करें साथ ही जो लोग चौ. देवीलाल की विचारधारा से जुड़े हैं।

रिद्धिमा कौशिक ने थाईलैंड में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में चल रही थाईलैंड वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 31 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल फरीदाबाद हरियाणा की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रिद्धिमा कौशिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान थाईलैंड की खिलाड़ी को हराकर फाइनल राउंड में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता.

'वाको इंडिया किक बॉक्सिंग महासंघ' के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की इस वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लगभग 42 देशों के 1000 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और भारतीय टीम ने दूसरे दिन शानदार सफलता हासिल की है जिसमें से रिद्धिमा कौशिक ने किक लाइट इवेंट के दो वजन भार वर्ग में 2 स्वर्ण पदक जीते, अनुष्का तमांग ने रजत पदक, मिथिलेश नीलम बड़ोलिया ने रजत पदक, पूजा पटेल ने 2 रजत पदक, अभिषेक सैनी ने रजत पदक, श्रद्धा रंगर ने कांस्य पदक, रियांशी रॉय ने कांस्य पदक, आदित्य मकोरवाल एवं अभिषेक सैनी ने अपने अपने वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवन्वित किया है।

स्टॉम्प ड्यूटी में नुकसान की भरपाई का फार्मूला, समय सीमा रजिस्ट्री नहीं तो जेब पर अधिक बोझ

लंबे वक्त से रजिस्ट्री नहीं कराने वालों पर नजर, मिलेगा मौका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सूबे में लंबे वक्त से संपत्ति खरीद के बाद भी रजिस्ट्री नहीं कराने वालों को जल्द ही विभाग की ओर से मौका दिया जाएगा, तय समय सीमा के अंदर अंदर रजिस्ट्री नहीं कराई, तो यह आने वाले वक्त में मालिकों की जेब पर भारी पड़ सकता है।

सूबे की नायब सरकार ने स्टॉम्प ड्यूटी में नुकसान की भरपाई करने के लिए फार्मूला खोज लिया है। राज्य के जिन लोगों ने फ्लैट और दुकान,प्लॉट, शोरूम जैसी संपत्तियों की रजिस्ट्री नहीं कराई है। जल्द ही उनको कराने के लिए मौका दिया जाएगा, जिसके बाद भी नहीं कराने वालों के लिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। आमतौर पर फ्लैट और फ्लोर खरीद बेच में ज्यादा इस तरह के मामले हैं, जहां पर रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही है। आने वाले वक्त में इस तरह के मालिकों को अपनी जेबें ढीली करनी पड़ सकती है और रजिस्ट्री के लिए अनिवार्य राजस्व फीस और स्टॉम्प शुल्क चुकाना होगा। यह भी तय है कि शुरुआत में तय फीस ही ली जाएगी, जिसके बाद में लापरवाही और डेड लाइन तक नहीं कराने वालों के लिए यह भारी पड़ सकता है। संबंधित विभाग और सरकार लोगों को मौका देने की तैयारी में है। लेकिन इसके बावजूद नहीं कराने वालों को यह बाद में भारी पड़ सकता है।

मौजूदा कलेक्टर रेट के हिसाब से स्टॉम्प शुल्क लगेगा

तय अवधि में पुराने कलेक्टर रेट के हिसाब से स्टॉम्प शुल्क लगेगा। समय बीतने के बाद मौजूदा कलेक्टर रेट के हिसाब से स्टॉम्प शुल्क जमा कराना होगा, इतना ही नहीं इस पर जुर्माने अथवा ज्यादा शुल्क लगाने को लेकर भी विकल्प खुले हुए हैं। प्रॉपर्टी खरीद के मामलों में आमतौर पर कलेक्टर रेट के हिसाब से ही खरीद की जाती है और फायदा यह होता है कि स्टॉम्प शुल्क कम देना होता है। हालांकि बैंक से लोन आदि के मामलों में कई बार कलेक्टर रेट से अधिक दाम पर भी खरीद व बेच हो जाती है। कलेक्टर रेट सरकार हर वर्ष संशोधित करती है अब कलेक्टर रेट में काफी बढ़ोतरी हो गई है। अभी तक के नियमों में वही कलेक्टर रेट लागू होता है, जिस कलेक्टर रेट में प्रॉपर्टी खरीदी गई, नये नियमों में मौजूदा कलेक्टर रेट देना होगा, भले ही व संपत्ति कितने ही साल पहले खरीदी गई हो।

हो सकता है विवाद

अलॉटियों को प्रॉपर्टी का कब्जा भी है लेकिन वे रजिस्ट्री कराने का कष्ट नहीं उठा रहे हैं। माना जा रहा है कि स्टॉम्प शुल्क से बचने के चक्कर में लोगों द्वारा प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही है, हालांकि महंगे फ्लोर और संपत्ति होने के कारण आने वाले वक्त में इस पर विवाद भी खड़े हो सकते हैं। कब्जा लेने के बाद लोग इन प्रॉपर्टी में रह भी रहे हैं और बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने प्रॉपर्टी का कब्जा मिलने के बाद उसे किराए पर दे दिया है।

एक्शन की तैयारी

अफसरशाही ने इस पर जल्द ही एक्शन की तैयारी कर ली है। इस संदर्भ में सर्वे भी पूरा हो चुका है, जिसमें रिपोर्ट में पूरी सच्चाई सामने आई कि बड़ी संख्या में लोगों ने प्रॉपर्टी का पंजीकरण नहीं करवाया है। सरकार ने इसके लिए पॉलिसी बनाने का फैसला लिया है। इसके तहत पुराने अलॉटियों को एक मौका कोई भी तारीख व समय सीमा तय कर दिया जाएगा ताकि वे सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के प्रॉपर्टी का पंजीकरण करवा लें।

कब्जा है, रजिस्ट्री नहीं

राज्य में इस तरह की लाखों की संख्या में संपत्तियां हैं, इनके कब्जे तो मालिकों के पास में हैं, लेकिन बरसों से रजिस्ट्री नहीं कराई है। इस तरह के मामलों को लेकर अफसरशाही की नजर काफी पहले से है, बस कई बार चर्चा के बाद मामला लंबित रह जाता था लेकिन सर्वाधिक मामले फ्लैट्स से जुड़े हुए हैं। डेवलेपर्स, बिल्डर्स, सोसायटियों और प्राधिकरण के अलॉटी लेजर बुक में अचल संपत्ति का हस्तांतरण कर इसके बाद में इतिश्री समझ लेते हैं।

खबर संक्षेप

पिता-पुत्र ने उगाया 22 फुट ऊंचा गुलाब का पौधा

भिवानी। पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले चौखानी स्टेट निवासी पर्यावरण प्रेमी प्रवीन कुमार ने अपने पिता भूपसिंह वशिष्ठ के सहयोग से अपने पैतृक गांव डूडीवाला स्थित निवास पर अनेक फूलदार, फलदार व छायादार पौधें लगाए हुए हैं। इसी के तहत उन्होंने अपने घर में देशी खाद के प्रयोग से गुलाब का 22 फुट ऊंचा का पौध तैयार किया है। प्रवीन व भूपसिंह वशिष्ट ने बताया कि वे दोनों पिता पुत्र समय-समय पर पौधे लगाते रहते हैं तथा देशी खाद के प्रयोग से उनका पालन-पोषण करते हैं। उनके द्वारा लगाए अधिकतर पौधें पेड़ का रूप ले चुके हैं।

रिश्वत मांगने व महिला वकील से छेड़छाड़ का आरोपी एसआई टेंपो के नीचे से गिरफ्तार

■ एसीबी को देखकर अपने घर भागा, टीम के पीछा करने पर मकान की छत से कूदकर टेंपों के नीचे जा छुपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला ने बुधवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कैथल पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर मनवीर सिंह को रिश्वत मांगने और महिला वकील के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में टैंपो के नीचे से गिरफ्तार किया। आरोपी मनवीर सिंह वर्तमान में इकोनॉमिक सेल में नियुक्त था। इस कार्रवाई से पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। हालांकि आरोपी ने फिल्मी स्टाइल में पुलिस से बचने के लिए घर की छतों से भी कूदकर भागने का प्रयास किया लेकिन एसीबी कर्मचारियों अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए उसे टैपों के नीचे से धर दबोचा। बता दें कि राजौंद के एक व्यक्ति की ओर से शिकायतकर्ता के पिता के खिलाफ प्लॉट बेचने को लेकर धोखाधड़ी मामला दर्ज करवाया था। इसकी जांच इकनॉमिक सेल में तैनात आरोपी सब इंस्पेक्टर मनवीर सिंह कर रहा था। इस केस में सब इंस्पेक्टर मनवीर सिंह ने शिकायतकर्ता का नाम केस से हटाने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता की विधवा बेटी जो पेशे से वकील है, उसने जब रिश्वत देने से इंकार किया तो आरोपी ने उसकी छोटी बहन को भी केस में फंसाने की धमकी दी। साथ ही आरोपी ने महिला वकील से अभद्रता और अश्लील हरकतें भी कीं। वहीं महिला वकील ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के पुराने सहयोगी रविंद्र जंगी के माध्यम से एसीबी टीम से की।

■ एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला की टीम ने फिल्मी स्टाइल में सब इंस्पेक्टर को दबोचा

कैथल। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर मनवीर सिंह।

शिकायत के आधार पर एक दबिश पार्टी तैयार की गई। योजना अनुसार आरोपी को पैसे देने के बहाने नागरिक अस्पताल के पास बुलाया गया। महिला की सतर्कता के चलते मुलाकात अस्पताल की कैंटीन के पास तय हुई। हालांकि आरोपी गाड़ी से नहीं उतरा और वकील को गाड़ी के पास बुलाकर न केवल छेड़खानी की, बल्कि उसे होटल चलने का दबाव भी बनाया। जब महिला ने इशारों में एसीबी टीम से मदद मांगी, तो मनवीर को खतरे की आहट लगी और वह गाड़ी भगाकर फरार हो गया। थोड़ी देर तक इधर-उधर घूमने के बाद वह अपने घर पहुंचा, लेकिन पहले से सतर्क टीम ने उसके घर को घेर लिया। जैसे ही मनवीर को इसका पता चला, उसने घर की लाइटें बंद कर दीं और पड़ोसियों की छतों से भागने की कोशिश की। इस दौरान घरवालों ने भी टीम को रोकने की कोशिश की, जिससे कुछ अधिकारियों के कपड़े फट गए और उन्हें हल्की चोटें भी आईं। एसीबी ने काफी मशक्कत के बाद सब इंस्पेक्टर मनवीर सिंह को एक टेम्पो के नीचे छिपा हुआ गिरफ्तार कर लिया गया।

भ्रष्टाचार और छेड़छाड़ के धाराओं के तहत केस दर्ज

विजिलेंस इंस्पेक्टर संदीप अत्री ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार और छेड़छाड़ से संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

50 लाख रंगदारी न देने पर शराब ठेके पर फायरिंग

यमुनानगर। 50 लाख की रंगदारी न देने पर बीती रात शराब ठेकेदार गोलनी निवासी रिंकू राणा के हरनौल स्थित शराब ठेके पर बदमाशों ने आठ राउंड फायर किए। गनीमत यह रही कि गोली किसी को नहीं लगी। सभी गोलियां शराब ठेके के शटर पर लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोलियों के खोल बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी। कुख्यात गैंगस्टर नोनी राणा ने छह अप्रैल को शराब ठेकेदार रिंकू राणा के व्हाट्सएप पर विदेशी नबर से कॉल कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव गोलनी निवासी रिंकू राणा ने बताया कि उसका शराब का कारोबार है। वह चार पांच साल से इस कारोबार में है। उसके हरनौल व खानपुर सर्कल में शराब ठेके है। तीन साल पहले कुख्यात वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा ने उससे शराब ठेके चलाने की एवज पर 20 लाख की रंगदारी मांगी थी। तब उसने रंगदारी देने से मना कर दिया था। इसके बाद कुख्यात काला राणा व उसका भाई कुख्यात नोनी राणा उसे धमकियां दे रहे थे। छह अप्रैल को उसके फोन पर एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। फोन करने वाले ने भी खुद को नोनी राणा बताया। आरोपी ने पैसे न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इस दौरान रात करीब डेढ़ बजे उसके हरनौल स्थित शराब ठेके पर आठ राउंड फायर किए गए। गोली शटर में लगी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ आरोपियों ने किए आठ राउंड फायर, ठेके के शटर पर लगी गोलियां

नोनी राणा 6 अप्रैल को मांगी थी रंगदारी

थाना छप्पर प्रभारी प्रमोद वालिया ने बताया कि ठेकेदार रिंकू राणा की शिकायत पर ठेके पर फायरिंग के मामले में केस दर्ज कर लिया है। छह अप्रैल को कुख्यात नोनी राणा पर रिंकू से रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया था। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

वकील को डिजिटल अरेस्ट कर 16.26 लाख की ठगी के आरोपी गिरफ्तार

भिवानी। थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी ने 13 फरवरी को एक अधिवक्ता के साथ डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 16. 26 लाख की ऑनलाइन ठगी की गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर क्राइम थाना भिवानी द्वारा मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल तकनीकी अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जांच के दौरान साइबर टीम ने गहन तकनीकी विश्लेषण एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए इस फ्रॉड में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपियों के खातों का विश्लेषण कर 10.14 लाख रुपये की राशि को समय रहते होल्ड कराया।उक्त होल्ड की गई राशि में से आठ लाख रुपये की राशि न्यायालय एवं साइबर क्राइम पुलिस के प्रयासों से अधिवक्ता को सुपुर्द की गई।

■ चार आरोपियों से आठ लाख रुपये बरामद, पीड़ित को सौंपे

कैप्टन अजय यादव की जगह अब बिहार के डॉ. अनिल यादव होंगे एआईसीसी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लगभग चार महीने के लंबे अंतराल के बाद आखिरकार कांग्रेस पार्टी को ओबीसी मोर्चा का नया अध्यक्ष मिल गया। बिहार के डॉ. अनिल जयहिंद को मोर्चे का नया अध्यक्ष बनाया गया है। हरियाणा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव के अक्टूबर 2024 में इस्तीफे की वजह से मोर्चा का अध्यक्ष पद खाली था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में खासकर सूबे के अहिरवाल क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की दुर्गति के साथ अपने बेटे चिरंजीव राव को भी न जिता पाने की कसक लिए एआईसीसी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरियाणा के रेवाड़ी से छह बार विधायक रहे कैप्टन अजय यादव ने पांच महीने पहले ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और मोर्चे के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने से पहले उन्होंने मोर्चा अध्यक्ष पद को झुनझुना बताया था। सूबाई सियासत में हुड्डा खेमे से उनकी अदावत जग जाहिर है। बाद में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे को उन्होंने बेटे चिरंजीव राव के दखल के बाद वापिस ले लिया था। कैप्टन यादव ने आरोप लगाया कि दक्षिणी हरियाणा, विशेष रूप से अहीरवाल बेल्ट (रेवाड़ी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़), को कांग्रेस में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। उनके बेटे चिरंजीव राव की रेवाड़ी से हार और टिकट वितरण में हुड्डा गुट के दबदबे ने उनकी नाराजगी को बढ़ाया।

■ कांग्रेस की राष्ट्रीय ओबीसी सेल में बदलाव

भिवानी में कुख्यात नशा तस्कर गिरफ्तार, 11 किलो. गांजा बरामद

■ आरोपी पर एनडीपीएस के छह मामले चल रहे

भिवानी। नशे के खिलाफ प्रदेश की पुलिस इन दिनों विशेष अभियान छेड़े हुए है। पुलिस की सीआईए प्रथम की टीम ने सब इंस्पेक्टर सुभाष की अगुवाई में गांजे की एक बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। हांसी-भिवानी मार्ग पर तिगड़ान मोड़ के पास 10 किलो 855 ग्राम गांजे के साथ भिवानी पुलिस ने दो व्यक्तियों को वाहनों सहित काबू किया है।

फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। सब इंस्पेक्टर विशेष कुमार ने बताया कि उन्हे गुप्ता सूचना मिली थी कि हांसी की तरफ से एक बड़ी नशे की खेप भिवानी की तरफ आ रही है। जिसके चलते उन्होंने नांकाबंदी की तथा भिवानी निवासी अमित उर्फ कालिया व सिद्धार्थ उर्फ काकू को एक मोटरसाईकिल व एक ऑटो के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अमित कालिया पर पहले भी छहः अभियोग नशा तस्करी के दर्ज है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार जो भी व्यक्ति नशाखोरी के आरोप में बार-बार पकड़ा जाता है। एनडीपीएस के कानून के तहत उसकी संपत्ति को अटैच किए जाने का प्रावधान है। इस दिशा में भिवानी पुलिस भी कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। वे यह खेप को कहां से लेकर आए थे तथा उनका आगे का क्या प्लान था, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में नशोखोरों के खिलाफ तलाशी लेकर उनसे गांजे की यह बड़ी खेप बरामद की गई है।



खबर संक्षेप

डायरेक्ट सेलिंग उद्योग में चार फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली। 'डायरेक्ट सेलिंग' उद्योग वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 4.04 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 22,150 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग से इस दौरान लगभग 1.86 लाख सक्रिय प्रत्यक्ष विक्रेता जुड़ें जिससे इनकी कुल संख्या लगभग 88 लाख हो गई।

डीपी वर्ल्ड मुंद्रा ने 14 लाख टीईयू का किया संचालन

नई दिल्ली। वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के मुंद्रा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल (एमआईसीटी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक आधार पर 13 प्रतिशत अधिक 14,97,228 टीईयू का संचालन किया। कंपनी बयान के अनुसार, टर्मिनल ने 762 जहाजों को सेवाएं दीं जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 6.57 प्रतिशत अधिक है।

लेक्सस इंडिया की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी लेक्सस इंडिया की वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई। कंपनी बयान के अनुसार, चौथी (मार्च) तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़ी है। कंपनी ने बिक्री के सटीक आंकड़े साझा नहीं किए। इस बीच, लग्जरी कार विनिर्माता ऑडी इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने देश भर में 6,500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन 'चार्जिंग पॉइंट' स्थापित किए हैं। 'चार्ज माई ऑडी' पहल के दूसरे चरण तहत ये चार्जर स्थापित किए गए।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मूडीज ने 2025 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा कंपनी मूडीज एनालिटिक्स ने 2025 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने यह कदम अमेरिका के जवाबी शुल्क से जुड़े जोखिमों को देखते हुए उठाया है।

- मूडीज ने अमेरिका के जवाबी शुल्क के जोखिमों को देखते उठाया कदम

मूडीज ने कहा कि अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, इसलिए भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापार संतुलन पर भारी असर पड़ेगा।

जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 फीसदी किया

75 देशों पर लागू होने वाला था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को 75 देशों पर नौ अप्रैल से लागू होने वाले जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए टाल दिया है। हालांकि, अमेरिका ने चीनी आयात पर कर की दर को 'तुरंत प्रभाव' से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है।

10 फीसदी का उच्च शुल्क जारी रहेगा

हालांकि, पांच अप्रैल से लागू 10 प्रतिशत का उच्च शुल्क जारी रहेगा। भारत के मामले में, अमेरिका को निर्यात के लिए चुकाए जाने वाले 26 प्रतिशत के अतिरिक्त शुल्क को 90 दिन के लिए रोक दिया गया है।

मुद्रास्फीति की गति में कमी आ रही

मूडीज ने कहा, "चूंकि सकल मुद्रास्फीति में अच्छी गति से कमी आ रही है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रेपो दर में कमी करेगा, जो संभवतः 0.25 प्रतिशत की कटौती के रूप में होगी, जिससे वर्ष के अंत तक नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत रह जाएगी।"

पहले 6.4 फीसदी अनुमानित था

मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट 'एपीएसी आउटलुकः यू.एस. वर्सेज देम' में कहा गया है, "हमने भारत के 2025 में जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को मार्च के 6.4 प्रतिशत से संशोधित कर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। इसने कहा कि रत्न एवं आभूषण, चिकित्सा उपकरण और कपड़ा उद्योग सबसे बुरी तरह प्रभावित होंगे।

बाहरी मांग अपेक्षाकृत कम रहेगी : मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि फिर भी, 'हम उम्मीद करते हैं कि समग्र वृद्धि इस झटके से अपेक्षाकृत अछूता रहेगी क्योंकि बाहरी मांग जीडीपी का अपेक्षाकृत काफी छोटा हिस्सा है।'

कर प्रोत्साहनों से मिलेगा बढ़ावा : मूडीज ने कहा, "इसी वर्ष घोषित कर प्रोत्साहनों से घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और अन्य कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में समग्र वृद्धि पर शुल्क के झटके को कम करने में मदद मिलेगी।"

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने किया आगाह

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर विचार करे भारत, शून्य-से-शून्य शुल्क करे पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर गुरुवार को आगाह किया और कहा कि इसके तहत अमेरिका की कई मांगें जैसे कि न्यूनतम मूल्य समर्थन के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि को कम करना, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य आयात की अनुमति देना, कृषि शुल्क कम करना, दवा एकाधिकार को बढ़ाने के लिए पेटेंट कानूनों में बदलाव करना और अमेरिकी ई-कॉमर्स दिग्गजों को सीधे उपभोक्ताओं को सामान बेचने की अनुमति देना... बड़े जोखिम उत्पन्न करते हैं।

भारत को अमेरिका के साथ व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि इससे कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे घरेलू क्षेत्रों के लिए चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं।

- एफटीए पर बातचीत पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए
- कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे क्षेत्रों में चुनौतियां उत्पन्न हो सकती है
- ' कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोग होंगे प्रभावित

खुदरा विक्रेताओं को हानि हो सकती है

जीटीआरआई ने कहा कि इन जोखिमों में किसानों की आय, खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और छोटे खुदरा विक्रेताओं के अस्तित्व को होने वाली हानि शामिल है। इसमें कहा गया, कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

यूरोप ने भी इसी तरह के सौदे सुझाए : यूरोप ने अमेरिका को इसी तरह के सौदे का सुझाव दिया है। 'शून्य-से-शून्य' शुल्क से तात्पर्य किसी देश से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाना है। श्रीवास्तव ने रसायन, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों में चीन के साथ उत्पाद मूल्य श्रृंखला बनाने का सुझाव दिया।

एफटीए से भारत बचे

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'अमेरिका के साथ व्यापक एफटीए से बचें क्योंकि इससे भारत को नुकसानदेह रियायतें देने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह ऐसा सौदा है जिससे भारत को जितना लाभ होगा, उससे कहीं अधिक नुकसान होगा।

औद्योगिक वस्तुओं पर समझौता कर सकते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत कार जैसी संवेदनशील वस्तुओं को छोड़कर 90 प्रतिशत औद्योगिक वस्तुओं पर अमेरिका के साथ सीमित 'शून्य-से-शून्य' शुल्क समझौते का प्रस्ताव कर सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक ने कहा, " यदि अमेरिका इसे स्वीकार कर लेता है, तो यह डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के अनुरूप केवल वस्तुओं का समझौता बन सकता है।

कार पर शुल्क कम करने से होगा नुकसान

कार पर शुल्क कम करने से उस क्षेत्र को नुकसान हो सकता है जो भारत के विनिर्माण उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। 1990 के दशक में भारी शुल्क कटौती के बाद ऑस्ट्रेलिया के कार उद्योग का पतन एक चेतावनीपूर्ण उदाहरण है।

पांच अप्रैल से 10 फीसदी मूल शुल्क लागू रहेगा

आर्थिक शोध संस्थान ने अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के कदम को 90 दिन के लिए टालने के निर्णय की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है। हालांकि अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले घरेलू सामानों पर पांच अप्रैल से 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने बृहस्पतिवार को कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की।

एक दिन पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। बैंक ने उसी फैसले का लाभ अपने ग्राहकों को देने के लिए कर्जों पर ब्याज की दर घटा दी है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बयान में कहा कि उसने खुदरा और एमएसएमई क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋण के लिए मानक-संबद्ध कर्ज की दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि ग्राहकों को आरबीआई की मौद्रिक नीति के कदम से तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है। इस बीच, बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) को अपरिवर्तित रखा है।

- बैंक ने कर्जों पर ब्याज दर घटा दी
- बैंक ने एमसीएलआर को अपरिवर्तित रखा

एमसीएलआर नौ फीसदी पर स्थिर

मानक एक साल की अवधि के एमसीएलआर को नौ प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। वाहन और व्यक्तिगत उपभोक्ता ऋणों की दर तय करने के लिए एमसीएलआर का ही इस्तेमाल किया जाता है।

हवाई अड्डा परिचालकों के लिए वृद्धि 20 प्रतिशत रहेगी : इक्रा

मुंबई। भारतीय हवाई अड्डा परिचालकों को चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सालाना आधार पर 18-20 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिलेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह वृद्धि यात्रियों की संख्या में निरंतर सुधार और शुल्क वृद्धि के साथ-साथ गैर-वैमानिकी राजस्व में वृद्धि के कारण है। कुल हवाई यात्री यातायात सालाना आधार पर सात से नौ प्रतिशत की अच्छी वृद्धि के साथ चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 44-45 करोड़ तक पहुंच जाएगा। हालांकि, हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 में इसमें लगभग 10 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि हुई है।

देश में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक 60 प्रतिशत बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। वाहन में सीएनजी, खाना पकाने तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए गैस ईंधन के उपयोग में वृद्धि की वजह से प्राकृतिक गैस की खपत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का अनुमान है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक अध्ययन में यह कहा गया है। पेट्रोलियम नियामक ने कहा कि प्राकृतिक गैस की खपत 2023-24 में 18.8 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन से बढ़कर 2030 तक 29.7 करोड़ घन मीटर प्रतिदिन (यूनिट) तक पहुंचने की उम्मीद है। यह आकलन 'अच्छे परिदृश्य बने रहने' यानी वर्तमान मध्यम स्तर की वृद्धि और रुख के आधार पर किया गया है। प्राकृतिक गैस का उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक और वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में पाइन के जरिये गैस (पीएनजी) पहुंचाने के लिए किया जाता है।

टाटा की दिग्गज कंपनी के मुनाफे में गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 1.68 प्रतिशत घटकर 12,224 करोड़ रुपये रह गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ आमतौर पर आईटी कंपनियों के तिमाही नतीजों की घोषणा की शुरुआत होती है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कुल राजस्व 64,479 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत अधिक है। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए टीसीएस का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.76 प्रतिशत बढ़कर 48,553 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का कारोबार 5.99 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,55,324 करोड़ रुपये रहा।

- बावजूद हर शेयर पर 30 रुपए का डिविडेंड देने का ऐलान
- मार्च में लाभ 1.68 प्रतिशत घटकर 12,224 करोड़ रुपए

हम वार्षिक राजस्व में 30 अरब अमेरिकी डॉलर को पार करने और लगातार दूसरी तिमाही में मजबूत ऑर्डर बुक हासिल कर खुश हैं। इस बीच, टीसीएस के निदेशक मंडल ने कंपनी के एक रुपये मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 30 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

अनिश्चितता के कारण परिणाम प्रभावित

टीसीएस का चौथी तिमाही का परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर छाए अनिश्चितता के बादलों के बीच आया है, जो अमेरिका के शुल्क के कभी लागू होने तो कभी हटने के रुख से उत्पन्न हुआ है।

अदाणी समूह के बांड में ब्लैकरॉक फर्म बना सबसे बड़ा निवेशक

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकरॉक द्वारा प्रबंधित कोष अदाणी समूह की तरफ से जारी 75 करोड़ डॉलर के निजी बांड के सबसे बड़े ग्राहक बनकर उभरे हैं।

मामले के जानकार सूत्रों ने कहा कि करीब 12 लाख करोड़ डॉलर की संपत्तियों की देखरेख करने वाली अमेरिकी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ने 75 करोड़ डॉलर के बॉन्ड निर्गम का एक-तिहाई हिस्सा लिया है। इन बॉन्ड की अवधि तीन से पांच साल की है। ब्लैकरॉक ने अदाणी समूह में यह निवेश ऐसे समय किया है जब कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अभियोग के बाद अदाणी समूह के कुछ शीर्ष अधिकारी जांच के दायरे में हैं।

राशिफल

मेष — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

वृष — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

मिथुन — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

कन्या — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

धनु — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

मकर — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एस्पायरिंग इंजीनियर्स के लिए द्वारका में पेश किया "आकाश इनविक्टस कैंपस"- अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली (द्वारका)। परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ "आकाश इनविक्टस कैंपस, सेक्टर 12, द्वारका" का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। 'आकाश इन्विक्टस कैंपस' उन्नत शिक्षण अनुभव के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करता है। यह कैंपस 13 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित है, जो केंद्रित और व्यक्तिगत जेईई तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। यह कैंपस दो शिफ्टों में 1,300 छात्रों को समायोजित करता है,"आकाश इन्विक्टस" लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। 'आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एम एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'आकाश इन्विक्टस" केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है।

हिताची ने भरत कौशल को बनाया कार्यकारी चेयरमैन

नई दिल्ली। जापान की कंपनी हिताची ने अपने भारतीय प्रबंध निदेशक भरत कौशल को कार्यकारी चेयरमैन बनाने की जानकारी दी। भरत कौशल हिताची के पहले भारतीय प्रबंध निदेशक हैं।

आवश्यक सूचना

सिलाई केंद्र गाँव, जड़थल में एक महिला सिलाई अध्यापिका (Full time) के अस्थाई व संविदा आधार के पद (मासिक मानदेय 15682/-रूपये) हेतू लिखित आवेदन 22.04.2025 तक सभी दस्तावेजों के साथ सादे कागज पर निम्न पते पर आमंत्रित हैं। आयु 21-42 वर्ष, योग्यता 10+2 के साथ आईटीआई से तीन वर्ष का cutting एवं Tailoring/ फैशन डिजाइनिंग / ड्रैस मेकिंग प्रमाण पत्र (जिसमे एक वर्षीय teacher & tailoring course शामिल है)। गाँव जड़थल (बावल) एवं उसके आस-पास के गाँव की निवासी एवं अनुभवी महिला को प्राथमिकता दी जायेगी। देरी से प्राप्त व अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

हस्ता/- जिला बाल कल्याण अधिकारी
बाल भवन, मॉडल टाउन, रेवाड़ी।

शब्द पहेली - 5833



बाएँ से दाए

1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी-2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

ऊपर से नीचे

1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

शब्द पहेली- 5832 का हल

	स	र	ग	ना		आ	म	रा	य	
फि		न	ज	ला		फि	क	र		त
त	ल		ल	य		स	र		ला	ल
र	ह	ना		क	हा	र		ज	ल	वा
त	र	सा	ना		ति		ज	ल	च	र
			र	ह	म	दि	ल			
ब	ग	दा	द		ता		न	ज	रा	ना
र	म	ल		स	ई	स		प	ह	रा
ग	ला		स	दा		ल	स		त	य
द		ग	ली	चा		वा	न	र		ण
	का	श्त	का	र		र	म	जा	न	



लॉस एंजिल्स ओलंपिक : क्रिकेट में भाग लेंगी छह-छह टीमें, जोड़ी 22 नई पदक स्पर्धाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीम स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90-90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है।

128 वर्ष बाद क्रिकेट की वापसी, 15 सदस्यीय टीम का चयन करेंगी प्रत्येक टीम

क्वालीफाईंग तरीके की अभी तक पुष्टि नहीं

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है।

रैंकिंग से मिलेगा प्रवेश

प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी। ऐसा माना जा रहा है कि किसी निश्चित समय सीमा तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों को अमेरिका के साथ ओलंपिक खेलों में प्रवेश दिया जाएगा।

पांच नए खेलों की एंट्री

क्रिकेट उन पांच खेलों में शामिल है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अगले ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी। चार अन्य खेल बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वाश हैं।

351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी

इस बीच आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को ओलंपिक खेल 2028 के लिए प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। इन खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 की तुलना में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होंगी। आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए रिकॉर्ड 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी दी है लेकिन खिलाड़ियों की संख्या 10500 ही रहेगी। खिलाड़ियों की संख्या में नए खेलों के 698 खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टीम खेलों में पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या समान होगी। अन्य खेलों में मुक्केबाजी में पुरुषों की तरह महिला वर्ग में भी समान सात वजन वर्ग होंगे।

खास खबर

सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रुपये का जुर्माना

अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 24 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया है। गुजरात टाइटंस ने बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया यह मैच 58 रन से जीता था। राजस्थान रॉयल्स की टीम 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई थी। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा, उनकी टीम का यह सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर या तो छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।'

गुजरात ने रणनीति पर अच्छे से अमल किया

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। साई सुदर्शन (82 रन) ने शानदार अर्धशतक लगाया, इसके बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात टाइटंस को 58 रन से जीत दिलाई। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए तो राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बैडमिंटन : सिंधू और राजावत हारकर बाहर

निंगबो। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज 29 वर्षीय सिंधू ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे छह मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में दुनिया की चौथी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। राजावत पुरुष एकल मुकाबले में सातवीं रैंकिंग और पांचवें वरीय जापान के कोडाई नाराओका से सीधे गेम में 14-21, 17-21 से हार गए। पुरुष एकल स्पर्धा में किरण जॉर्ज का सफर भी समाप्त हो गया। उन्हें थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19, 13-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारत का पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में अभियान समाप्त हो गया है।

आईपीएल: बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया, कुलदीप-विपराज को 2-2 विकेट

राहल के आक्रामक 93 रन और स्पिनरों के दम पर दिल्ली ने आरसीबी को हराया

भाषा ▶▶ बेंगलुरू

कुलदीप यादव और विपराज निगम की फिरकी के जादू के बाद केएल राहुल के 53 गेंद में 93 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए बृहस्पतिवार को आईपीएल के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को छह विकेट से हरा दिया। पहले क्षेत्ररक्षण चुनते हुए दिल्ली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को सात विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। जवाब में दिल्ली ने 13 गेंद बाकी रहते चार विकेट पर 169 रन बनाकर जीत दर्ज की। राहुल ने यश दयाल को छक्का जड़कर विजयी रन लिये। राहुल ने 53 गेंद में सात चौकों और छह छक्कों की मदद से 111 रन बनाये। उन्होंने पांचवें विकेट के लिये ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 111 रन की साझेदारी की। स्टब्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे। राहुल को यश दयाल की गेंद पर रजत पाटीदार ने उस समय जीवनदान दिया जब उन्होंने पांच ही रन बनाये थे। यह आरसीबी पर काफी भारी पड़ा और राहुल ने लेग स्पिनर सुयांश शर्मा और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को जमकर

नसीहत दी। इससे पहले दिल्ली की शुरूआत काफी ख्वाराब रही। चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच से बाहर रहे फाफ डु प्लेसी ने दो रन बनाकर दयाल की गेंद पर पाटीदार को कैच थमा दिया। जैक फ्रेसर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल भी नहीं टिक सके। पावरप्ले के भीतर स्कोर तीन विकेट पर 30 रन था। राहुल ने कप्तान अक्षर पटेल (15) के साथ 28 रन जोड़े। अक्षर ने सुयांश शर्मा की गेंद पर टिम डेविड को कैच थमाया। इससे पहले बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप ने चार ओवर में 17 रन देकर और लेग स्पिनर विपराज ने चार ओवर में 18 रन देकर दो दो विकेट लिये। बेंगलुरू की शुरूआत काफी विस्फोटक रही और तीन ही ओवर में 50 रन बन गए। फिल साल्ट ने सिर्फ 17 गेंद में 37 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने आस्ट्रेलिया के मिचेल को तीसरे ओवर में दो छक्के और तीन चौके जड़कर 24 रन निकाले। वह कोहली के साथ रन लेने के लिये गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। कोहली और साल्ट ने पहले विकेट के लिये 24 गेंद में 61 रन जोड़े।

कोलकाता पांच बार के चैंपियन चेन्नई को आज देगा चुनौती

चेन्नई। लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी। चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	5	4	1	8
दिल्ली	4	4	0	8
बेंगलुरु	5	3	2	6
पंजाब	4	3	1	6
लखनऊ	5	3	2	6
कोलकाता	5	2	3	4
राजस्थान	5	2	3	4
मुंबई	5	1	4	2
चेन्नई	5	1	4	2
हैदराबाद	5	1	4	2

ऑरेंज कैप

निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप

नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

खबर संक्षेप

भारतीय महिला हॉकी 26 से करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।

दो महीने पहले सितंबर में होगा बिली जीन कप

लंदन। बिली जीन किंग कप का फाइनल शीर्ष खिलाड़ियों के शेड्यूल को ध्यान में रखकर अब दो महीने पहले सितंबर में आयोजित किया जाएगा। अब यह टूर्नामेंट 16 से 21 सितंबर तक शेंझेन में होगा। अमेरिकी ओपन सात सितंबर को खत्म होगा जिसके बाद डब्लूटीए टूर 24 सितंबर से बीजिंग में चाइना ओपन के जरिए शुरू होगा। बिली जीन किंग कप में गत चैंपियन इटली, मेजबान चीन के साथ छह और टीमें होंगी।

एक घंटे लेट से शुरू होंगे पीएसएल के मुकाबले

कराची। इंडियन प्रीमियर लीग के साथ सीधे प्रसारण समय के टकराव को कम करने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग प्रबंधन ने आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद अपने मैच का समय निर्धारित किया है। पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने एक पॉडकास्ट में कहा कि पीएसएल मैच रात 8:00 बजे से शुरू होंगे जो आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद कराया जाएगा। पाकिस्तानी स्थानीय समयानुसार आईपीएल मैच शाम सात बजे शुरू होते हैं। पीएसएल शुक्रवार को रावलपिंडी में शुरू होगा।

क्रिकेट

नाम 'चाइल्ड'... उम्र 64 साल टी20 में डेब्यू कर रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूं तो क्रिकेट में आए दिन एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड बनते रहते हैं, पर कभी-कभार ऐसा भी हो जाता है जिस पर यकीन करना मुश्किल होता है। किसी मैच में बैटर सबसे तेज शतक या अर्धशतक लगा देते हैं तो कभी गेंदबाज विकेट का अनोखा रिकॉर्ड बना देते हैं।

हालांकि, इसके बाद क्रिकेटर ने गेंद या बल्ले से नहीं बल्कि उम्र का एक रिकॉर्ड बना दिया है। इस महिला क्रिकेटर की सोशल मीडिया पर काफी तारीफ भी हो रही है। आईपीएल के बीच ऐसा ही एक रिकॉर्ड बन गया है। जोआना चाइल्ड टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गई हैं। 64 साल की चाइल्ड ने 7 अप्रैल को नॉर्वे के खिलाफ अल्बर्गारिया में टी20 इंटरनेशनल सीरीज के पहले मैच में पुर्तगाल के लिए खेला।

चाइल्ड ने फॉकलैंड आइलैंड्स के एंड्रयू ब्राउनली (62 वर्ष, 145 दिन) और केमैन के मैली मूर (62 वर्ष, 25 दिन) को पीछे छोड़ते हुए सर्वकालिक सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह केवल जिब्राल्टर की सैली बार्टन से पीछे हैं, जिन्होंने 66 वर्ष और 334 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

फीका प्रदर्शन पर पुर्तगाली टीम ने जीती सीरीज

चाइल्ड का डेब्यू में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। इस मैच में उनके बल्ले से केवल 2 रन निकले। पुर्तगाल ने 110 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए जीत हासिल की। जोआना को दूसरे और तीसरे टी20 इंटरनेशनल दोनों के लिए प्लेइंग इलेवन में रखा गया, जिससे उनकी टीम को नॉर्वे पर 2-1 से सीरीज जीतने में मदद मिली। सोशल मीडिया पर फैंस जोआना चाइल्ड की जमकर तारीफ कर रहे हैं। जोआना पुर्तगाली टीम का हिस्सा थीं। टीम में 15 वर्षीय इशरीत चीमा, 16 साल की मरियम वसीम और 16 वर्षीय अफशीन अहमद भी शामिल थी। ऐसे में टीम में अनुभव और युवाओं का अच्छा मिश्रण था। पूरी सीरीज मे जोआना ने शुरुआती मैच में 2 रन बनाए और चार गेंदें फेंकी।

वीजा में देरी के कारण में पदक से हाथ धोना पड़ा

कोलकाता। भारतीय कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने कहा कि देश की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम वीजा में देरी के कारण अमेरिका में सत्र के पहले विश्व कप चरण एक टूर्नामेंट में नहीं खेल सकी जिससे टीम को पदक से हाथ धोना पड़ा। दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने 2024 में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीते थे। इसकी तीन सदस्य विश्व चैंपियन अदिति स्वामी, मधुरा धामनगांवकर और तनिपर्थी चिकिथा को समय पर अमेरिकी वीजा नहीं मिला जिसके कारण वे फ्लोरिडा के ऑरबर्नडेल में प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकीं। तेजा खुद अमेरिका नहीं जा सके। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से यह पदक से चूकने जैसा था। हमारी महिला टीम स्पर्धा जीतने की शत प्रतिशत संभावना थी। हमने पिछले साल शंघाई, येचियोन और अंताल्या में आयोजित विश्व कप के सभी तीन स्वर्ण पदक जीते थे। लेकिन दुर्भाग्य से वीजा में देरी के कारण हम इस बार अपना खिताब नहीं बचा सके।'

लेवांडोव्स्की ने दिलाई बार्सिलोना को बड़ी जीत, पीएसजी भी जीता

एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए जबकि रफिन्हा ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इससे बार्सिलोना 2019 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

बार्सिलोना की तरफ से लैमिन यामल ने भी गोल किया जिससे जर्मन टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को

करारा झटका लगा है। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को डॉर्टमुंड में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के एक अन्य मैच में पेरिस सेंट जर्मेन ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के शानदार गोल की मदद से एस्टन विला को 3-1 से हरा दिया।

मॉर्गन रोजर्स ने 35वें मिनट में विला को बढ़त दिला दी थी लेकिन 19 वर्षीय डेसिरे डोउ ने इसके चार मिनट बाद सत्र का अपना 12वां गोल करके पीएसजी को बराबरी पर ला दिया। क्वारात्सखेलिया ने इस मैच में मध्यांतर के चार मिनट बाद पीएसजी को आगे कर दिया। फ्रांस की टीम की तरफ से लेफ्ट बैक नूनो मेंडेस ने स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया।

2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक से 75 किग्रा भार वर्ग हटाया

ओलंपिक: 70 किग्रा वजन वर्ग में जा सकती है लवलीना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 70 किग्रा वर्ग में जा सकती हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की।

नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा

तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। घटनाक्रम से हैरान लवलीना ने गुवाहाटी से कहा, 'यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।' उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा ने कहा, 'इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं।

अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में लड़ सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।' वर्तमान में, बोरगोहेन का प्राकृतिक वजन 74 किलोग्राम है और बोरा ने कहा कि बहुत अधिक वजन कम करने से ताकत में कमी आ सकती है।

आईओसी के नए वजन वर्ग

मुक्केबाजी को पिछले महीने ही 2028 ओलंपिक में शामिल करने की पुष्टि की गई थी। मुक्केबाजी में पहली बार पुरुषों और महिलाओं की समान संख्या (प्रत्येक में सात) शामिल होंगी। नई ओलंपिक महिला श्रेणियों में 51 किग्रा (फ्लाईवेट), 54 किग्रा (बैंथमवेट), 57 किग्रा (फेदरवेट), 60 किग्रा (लाइटवेट), 65 किग्रा (वेल्टरवेट), 70 किग्रा (लाइट मिडिलवेट) और 80 किग्रा से अधिक (हैवीवेट) शामिल हैं। ओलंपिक के लिए पुरुषों की नई वजन श्रेणियां 55 किग्रा (बैंथमवेट), 60 किग्रा (लाइटवेट), 65 किग्रा (वेल्टरवेट), 70 किग्रा (लाइट मिडिलवेट), 80 किग्रा (लाइट हैवीवेट), 90 किग्रा (हैवीवेट) और 90 किग्रा से अधिक (सुपर हैवीवेट) हैं।

चिंतन

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड राणा का प्रत्यर्पण बड़ी जीत

मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना आतंकवाद के खिलाफ सरकार की बड़ी कामयाबी है। 17 वर्ष पहले भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पाकिस्तानी आतंकी हमले से दहल उठी थी। इस हमले की साजिश रचने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आतंकी मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को लाने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की अथक भूमिका रही, जिसमें अमेरिकी न्याय विभाग ने मदद की। यह भारत व अमेरिका के बीच मधुर संबंध के चलते भी संभव हो सका है। अमेरिकी न्याय प्रक्रिया इतनी पेचीदी है, जिसमें किसी आरोपित का प्रत्यर्पण कराना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है। राणा द्वारा इस कदम को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाने के बाद आखिरकार प्रत्यर्पण हो पाया। अपीलीय अदालत में कई मुकदमे दायर हुए। सबमें राणा को निराशा मिली। भारत ने पुख्ता सुबूत पेश किए थे। पाकिस्तान में जन्मे कनाडाई नागरिक राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और नामित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (एचयूजेआई) के गुर्गों के साथ-साथ अन्य पाकिस्तान स्थित सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में विनाशकारी आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। राणा का पाकिस्तान में 1961 में जन्म हुआ था और उसने पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं दी थीं और इसके बाद वह 1990 के दशक में कनाडा चला गया, जहां उसे नागरिकता दी गई। भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत एलईटी और एचयूजेआई दोनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। राणा के प्रत्यर्पण के जरिये भारत ने पाकिस्तान समेत अन्य षड्यंत्रकारियों को दो टूक संदेश दिया है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देकर कोई बच नहीं सकता है। न दुनिया के किसी देश में छुपा रह सकता है। देर सबेर भारत के खिलाफ आतंकवाद करने वाले सभी गुनहगारों को भारतीय कानून के कटघरे में आना ही होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त है और अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आ गया है। मुंबई में हुए 26/11 के आतंकवादी हमलों के पाकिस्तान में छिपे अन्य साजिशकर्ताओं को भी बेनकाब करने की जरूरत है। राणा को लेकर पाकिस्तान ने बेशक पल्ला झाड़ा हो कि वह कनाडाई नागरिक है, उससे उसका कुछ लेना देना नहीं है, जबकि भारत सबूत दे चुका है कि मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट शामिल था, उसके आतंकी शामिल थे, कसाब पाक नागरिक था। आतंकी कसाब को मुंबई की एक अदालत ने मुंबई हमलों में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया और 2012 में उसे फांसी दे दी गई थी। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद के आरोपियों को कितना भी बचाने की कोशिश करे, भारत बख्शने वाला नहीं है। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम रहेगा। राणा को न्याय का सामना करने के लिए भारत लाए जाने से भारत में आतंकवाद के अंत की यात्रा आगे बढ़ी है। वर्ष 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुआ आतंकी हमला हमारे देश के लिए एक भयावह घटना थी, जिसमें 166 लोगों की मौत हो गई थी। राणा से भारत में पूछताछ में यह बात सामने आएगी कि हेडली ने उसे क्या बताया था। उस साजिश से जुड़े हर व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना ही होगा। भारत में आतंक के गुनहगारों को मृत्युदंड जैसी कठोर सजा मिलनी ही चाहिए। देश में इस पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है।

मुद्रा योजना 10 वर्ष

सतीश सिंह

मुद्रा लोन से युवा हुए आत्मनिर्भर

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27 .25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई।

आठ अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए। इन 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 78% या 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 20 प्रतिशत या 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में देश में लगभग 136 करोड़ की आबादी थी, जिसमें से 15 से 29 साल के युवाओं की संख्या लगभग 37 करोड़ थी और अब तक 52 करोड़ से अधिक लोग मुद्रा ऋण की मदद से बैंक से जुड़े चुके हैं। दिलचस्प यह है कि शिशु श्रेणी की हिस्सेदारी 2016 में 93% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक घटकर 51.7% रह गई,जबकि किशोर श्रेणी की 2016 में हिस्सेदारी 5.9% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक बढ़कर 44.7% हो गई। ये आंकड़े बताते हैं कि विगत सालों में शिशु श्रेणी के प्रमोटरों के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। शिशु श्रेणी के तहत 50,000 रुपये तक ऋण दिया जाता है, जबकि किशोर श्रेणी के अंतर्गत 50,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक का ऋण, तरुण श्रेणी के तहत 5 लाख से 10 लाख रुपये तक का ऋण और तरुण प्लस श्रेणी के अंतर्गत 10 लाख से 20 लाख रुपये तक ऋण दिया जाता है। तरुण प्लस के तहत उन्हीं ऋणियों को उधारी दी जाती है, जिन्होंने पहले लोन लिया था और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण की राशि को क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स द्वारा गारंटी दी जाती है अर्थात अगर किसी भी वजह से ऋणी ऋण नहीं चुका पाता है तो कुछ शर्तों को पूरा करने पर यह संस्थान बकाये ऋण का भुगतान कर देती है, जिससे बैंक का वितीय बोझ नहीं बढ़ता है। विगत 10 सालों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का दायरा काफी बढ़ा है। शुरुआत में मुद्रा लोन सिर्फ विनिर्माण, ट्रेडिंग, सेवा आदि क्षेत्रों के लिए ही दी जाती थी। बाद में इसके तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया। वित्त वर्ष 2018 से ट्रैक्टर और पावर टिलर खरीदने के लिए भी यह लोन दिया जाने लगा। वहीं, वित्त वर्ष 2019 से मोटरसाइकिल के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए भी यह ऋण दिया जाने लगा। मुद्रा ऋण लेने में किसी को परेशानी नहीं हो, इस के लिए बैंक शाखाओं में हैंड-होल्डिंग की व्यवस्था की गई है, ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, ऋण आवेदन पत्र का सरलीकरण किया गया है, सरकारी बैंकों में मुद्रा लोन की मोनीटरिंग हेतु नोडल ऑफिसर की पदस्थापना की गई है। मुद्रा योजना के तहत ऋण के वितरण की समय-समय पर सरकार द्वारा समीक्षा की जा रही है, किस्तों के भुगतान के दौरान शिशु श्रेणी के पात्र ऋणियों को दिए जाने वाले 2% के इंटरेस्टसवमेंशन का विस्तार सभी श्रेणियों के लोन के

लिए किया गया है आदि। इन प्रावधानों से मुद्रा ऋण लेने वाले लोगों की संख्या में निरंतर तेजी आ रही है। वर्ष 2025 में लोन का औसत टिकट साइज 1.02 लाख रुपये है, जो वित्त वर्ष 2023 में 72,000 रुपये और वर्ष 2016 में 38,000 रुपये था। अपने आगाज के पहले 3 वर्षों में इस योजना के तहत दी गई उधारी की वृद्धि दर 33% थी, जिसमें कोरोना काल में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर से वित्त वर्ष 2023 में इसमें 36% की वृद्धि देखी गई। इस तरह, आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना समावेशी विकास को बढ़ाने में भी महती भूमिका निभा रहा है,क्योंकि 52 करोड़ लोगों में से आधे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग से हैं। इतना ही नहीं, 68% लाभार्थी महिलाएं हैं और 11% लाभार्थी अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं। ये आंकड़े कहते हैं कि इस योजना की सहायता से समाज में आर्थिक समानता आ रही है। साथ ही इससे देश के विकास में सभी वर्गों की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो रही है। इस योजना के सन्दर्भ में यदि राज्यवार महिला उद्यमियों की बात करें तो सबसे अधिक 4.2 करोड़ महिलाएं बिहार से हैं, जबकि तमिलनाडु में महिलाओं की संख्या 4 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 3.7 करोड़ है। सबसे अधिक महिला खाताधारक यानी 79% महाराष्ट्र से हैं, जबकि 75% के साथ झारखंड दूसरे स्थान पर है और 73% के साथ पश्चिम बंगाल तीसरे स्थान पर काबिज है। यह भी दिलचस्प है कि विगत 9 वर्षों में प्रति महिला ऋणी को दी गई उधारी की राशि 62,679 रुपये से बढ़कर 95,269 रुपये हो गई है, जो बताता है कि सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उदयम पोर्टल में पंजीकृत उद्यमियों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में महिलाओं की संख्या 20.5% है, जबकि रोजगार सृजन में महिलाओं की हिस्सेदारी 18.73% है। महिला उद्यमी के अगुआई में सबसे अधिक 15.7% रोजगार सृजन तमिलनाडु में हुआ है, जबकि महाराष्ट्र में 12.1% एवं कर्नाटक और उत्तरप्रदेश में 8% रोजगार सृजित हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना राज्यों के बीच समानता लाने का भी काम कर रही है। इस योजना की मदद से हाल में पिछड़े राज्यों में ज्यादा लोग बैंक से जुड़े हैं और वहाँ ज्यादा ऋण वितरित किया गया है, जिससे वहां के लोग आत्मनिर्भर हुए हैं और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर बिहार में ऋण वितरण 5.67% से बढ़कर 10.97% हो गया है, जबकि उत्तरप्रदेश में ऋण वितरण 9.27% से बढ़कर 11.30% हो गया है और ओड़िसा में यह 4.24% से बढ़कर 4.51% हो गया है। मुद्रा लोन के तहत विकसित राज्य गुजरात में विगत 5 सालों यानी वित्त वर्ष 2020-21 से नवंबर 2024 तक के बीच कुल 70,051 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हुए और विगत 4 वर्षों में ऋण वितरण में 74% की वृद्धि हुई है। इस योजना के तहत गुजरात में नवंबर 2024 तक 1.95 करोड़ मुद्रा ऋण के खाते खोले गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के नवंबर महीने तक इस योजना के तहत 80.5 लाख खाते खोले गए थे। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27.25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025 में इसके बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 10 सालों में वितीय समावेशन के सपने को साकार करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, समावेशी विकास के सपने को सच करने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, वंचित तबके को मुख्यधारा में लाने, डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने आदि में महती भूमिका निभाई है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

प्रौद्योगिकी

डॉ. मोनिका शर्मा

तकनीकी तरक्की की सकारात्मक स्थितियां

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के देशों की रैंकिंग जारी की है। समय के साथ विस्तार पाते तकनीकी जुड़ाव के मानस और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सहजता के सकारात्मक विस्तार को सामने रखती इस सूची में भारत को शीर्ष देशों में स्थान मिला है। यूएन की यह ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस ने तकनीक के लिए तत्परता दिखाने में शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट-2025 की यह रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा जारी की गई है। ध्यातव्य है कि वैश्विक स्तर पर की गई रैंकिंग से जुड़ी फेहरिस्त में 170 देशों को शामिल किया गया था। इनमें भारत 36वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि हमारे देश की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। तकनीकी विकास की धुरी पर दौड़ते वैश्विक परिवेश में नई और महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाने का यह पहलू सचमुच अहम है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की इस रिपोर्ट में भी कहा गया है कि विकासशील देशों को तेजी से बदल रही तकनीक और एआई के लिए तैयार रहने की आवश्यक है। डिजिटल इंडिया की मुहिम से लेकर आमजन के झुकाव तक, भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार को लेकर सकारात्मक परिवेश स्पष्ट दिखता है। दूरदराज के गांवों में खेती किसानी में ड्रोन के इस्तेमाल हो रहा है। बीते दिनों महाकुम्भ के आयोजन में तकनीक के उपयोग को पूरी दुनिया ने देखा है। कमोबेश हर क्षेत्र ने तकनीक से मिली सुविधाओं और बदलावों को जीवन का हिस्सा बनाया जा रहा है। स्पष्ट है कि भारत ने इस मोर्चे पर तरक्की की है। असल में इस रैंकिंग में जिन संकेतकों को आधार बनाकर यह रैंकिंग तय की गई है, उन क्षेत्रों में तो भारत ने विशेष उन्नति की है । इनमें आईसीटी परिनियोजन यानी वैश्विक स्तर पर सूचना साझा करने के लिए इंटरनेट, वायरलेस नेटवर्क एवं मीडिया एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों और संचार तकनीकों के इस्तेमाल, स्किल, रिसर्च एंड डेवलेपमेंट एवं विकास गतिविधियां, औद्योगिक क्षमता और वित्तीय क्षेत्र तक शामिल हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 2022 की इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 48वीं थी। इस वर्ष हमारा देश 36वें स्थान पर है। रेखांकित करने योग्य पहलू यह है कि आईसीटी के मामले में भारत की रैंकिंग 99वीं और वित्त के मामले में 70वीं है। स्किल के मामले में हमारा देश 113वें स्थान पर हैं। वहीं रिसर्च एंड डेवलेपमेंट में भारत को तीसरा और औद्योगिक क्षमता के मामले में दसवां स्थान मिला है। साथ ही एआई तकनीक के मामले में भारत को बेहतर काम करने वाला देश माना गया है। 2020 में महिलाओं में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में 'वी थिंक डिजिटल' नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी।

फेसबुक, राष्ट्रीय महिला आयोग और साइबर पीस फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को संचालित किया गया था। इसके अंतर्गत सात राज्यों में 1 लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिए जाने की योजना थी। ऐसी बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों के चलते आज तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं का भी महत्वपूर्ण दखल है। नेशनल सेंटर फॉर वूमेन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बीते साल की रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा समय में टेक उद्योग के कार्यबल में महिलाओं की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में तकनीक की दुनिया में महिलाओं की संख्या में 5 फीसदी की बढ़ोतरी भी हुई है। वर्ष 2022 की हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र की नामी-गिरामी 500 तकनीकी कंपनियों में 11.6 लाख महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही हमारे यहां 'स्टेम' शिक्षा में भी बेटियों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। 'स्टेम' का अर्थ साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स विषयों से है। आंकड़े बताते हैं कि 1980 में देश में इंजीनियरिंग की सभी डिग्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम की थी। ऐसे में तकनीकी संसार में बढ़ते महिला श्रमबल ने स्त्रियों के लिए नए मार्ग खोले हैं। विचारणीय है कि बड़ी आबादी और परम्परागत परिवेश वाले हमारे देश में बदलाव की यह दिशा यकीनन सराहनीय है। आम जीवन में भी तकनीकी सुविधाओं से मिली सहजता स्पष्ट दिखती है। हालांकि इस मामले में भारत को लंबा रास्ता तय करना है। एआई यानि आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस में निवेश के मामले में अमेरिका सबसे आगे है। विकासशील देशों में चीन दूसरे और भारत 10वें स्थान पर है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता

संकलित

दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

सुख-दुख आते-जाते रहेंगे पर भक्ति न छोड़ें

संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

अंतर्मन

आज की पाती

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से उठता विश्वास

पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा की एक शुद्ध शाकाहारी युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसके द्वारा उसने अपने साथ घटित हुई एक गंभीर घटना का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्री के दौरान एक रेस्टोरेंट से स्विगी ऐप के माध्यम से वेज बिरयानी ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी के बाद उसे यह जानकर गहरा आघात लगा कि उसके पास जो बिरयानी पहुंची है, वह वेज नहीं बल्कि नॉनवेज थी। युवती ने रोते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जो उसकी आस्था और भावनाओं पर हुए आघात को दर्शाता है। यद्यपि युवती की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ओर से रेस्टोरेंट व फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। – रीमा शर्मा, दुर्ग

ट्रेंड

हिंदुओं को अधिकार

1500 साल पुराने मंदिरों पर भी अगर वक्फ दावा करता है, तो क्या हिंदुओं को इतना भी अधिकार नहीं है कि वे अपना पक्ष रख सकें? नए वक्फ कानून में यह अधिकार देने का काम किया गया है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

महावीर जयंती की बधाई

भगवान महावीर की पावन जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ! संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं समूची मानवता के लिए पाथेय है।
-योगीनाथ योगी, सीएम, उप्र

करंट अफेयर

पोप फ्रांसिस से मिले महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने बुधवार को वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। यह भेंट शाही जोड़े की इटली यात्रा और उनके विवाह की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। पोप 'निमोनिया' के संक्रमण की वजह से गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। संक्रमण से उबरने के बाद यह उनकी पहली निजी भेंट थी। वेटिकन के अनुसार, पोप ने महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला को विवाह की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। चार्ल्स और कैमिला ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बर्मिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा 'महामहिम इस बात से बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें पोप से व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं प्राप्त करने का अवसर मिला।' इससे पहले, बुधवार को चार्ल्स ने इटली की संसद को संबोधित किया और यूरोप में युद्ध के समय साझा मूल्यों की रक्षा के लिए ब्रिटेन और इटली के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने यूक्रेन को समर्थन देने, नाटो में सहयोग करने का उल्लेख किया। महाराजा चार्ल्स ने जलवायु परिवर्तन पर भी अपनी बात रखी और आगाह करते हुए कहा कि वह 16 वर्ष पहले दिए गए अपने ही भाषण की चेतावनियों को आज सच होता देख रहे हैं।

ऑफ बीट

महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1 .8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

कांग्रेस का रवैया छलावापूर्ण

कांग्रेस पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन में खासकर भाजपा के 'छद्म राष्ट्रवाद' व दलित एवं पिछड़े बहुजन-हित को लेकर प्रस्ताव छलावा व अविश्वसनीयता से ग्रस्त। इन वर्गों के आरक्षण व अन्य कल्याणकारी संवैधानिक गारंटियों को लागू करने में कांग्रेस का रवैया हमेशा छलावापूर्ण।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

जियो और जीने दो

आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

26/11

मास्टमाइंड तहव्वुर राणा भारत के शिकंजे में

आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कामयाबी, पाकिस्तान होगा बेनकाब

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से ''सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित'' कराने के बाद भारत लाया गया है। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को बृहस्पतिवार शाम एक विशेष विमान से दिल्ली लाया गया, जिससे कई दिन से जारी इन अटकलों का अंत हो गया कि उसे कब और कैसे प्रत्यर्पित किया जाएगा। एनआईए ने एक बयान में कहा कि 2008 के मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता को न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाने के लिए वर्षों के सतत एवं ठोस प्रयासों के बाद यह प्रत्यर्पण हुआ है। मुंबई में 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 नवंबर 2008 को किए गए भीषण हमलों में 166 लोग मारे गए थे। बयान में कहा गया, ''यूएसडीओजे, अमेरिकी स्काई मार्शल की सक्रिय सहायता से एनआईए ने संपूर्ण प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर काम किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने भी मामले को सफल निष्कर्ष तक ले जाने के लिए अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया।'' राणा के दिल्ली पहुंचने की खबर मिलने के तुरंत बाद एनआईए का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान पटियाला हाउस अदालत परिसर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों को वहां से चले जाने को कहा और यह भी कहा कि वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अदालत परिसर पूरी तरह से खाली हो। हालांकि, वकीलों ने घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया।

एसआईएस के रोल के बारे में पता चलेगा

केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने तहव्वुर राणा को भारत लाने पर कहा कि यह एक बड़ा घटनाक्रम है। इससे आतंकियों को मैसेज गया है कि

अगर वे भारत पर हमला करेंगे, तो चाहे वे दुनिया में कहीं भी हों, उन्हें पकड़ा जाएगा, भारतीय अदालतों के सामने पेश किया जाएगा और उन्हें सजा दी जाएगी। उनमें से किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। राणा से पूछताछ करने पर मुंबई हमले में पाकिस्तानी एजेंसी एसआईएस की भूमिका और भारत में उसके स्लीपर सेल की मौजूदगी के बारे में पता चलेगा। यह उम्मीद करना की आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड पाकिस्तान में सजा पाएंगे, समय की बर्बादी है।

पाकिस्तान ने राणा से दूरी बनाई

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान अपने उन नागरिकों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति देता है जो कनाडा में जाकर बस गए हैं। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था।

राणा को मृत्युदंड मिलेगा : जीके पिल्लई

पूर्व गृह सचिव गोपाल कृष्ण पिल्लई ने कहा कि राणा को निश्चित रूप से देश में दोषी ठहराया जाएगा और उसे इस

जघन्य आतंकवादी कृत्य में शामिल होने के लिए संभवतः उसे मृत्युदंड या 10 साल या उससे अधिक की सजा मिलेगी। उन्होंने कहा हमारे पास पाकिस्तान में मौजूद अन्य आरोपियों की जानकारी भी हैं जिनके खिलाफ वारंट जारी किए गए हैं लेकिन पाकिस्तान ने उन पर अमल नहीं किया है। पाकिस्तान पूरी जांच में बाधा डालता रहा। उसने न तो उन पर (आरोपियों पर) पाकिस्तान में मुकदमा चलाया और न ही उन्हें भारत में मुकदमे चलाने के लिए हमें सौंपा।

श्रेय लेने की लगी होड़

भाजपा ने राणा के प्रत्यर्पण को उपलब्धि बताया कांग्रेस ने कहा, संप्रग के प्रयासों का लाभ हुआ

नई दिल्ली (भाषा)। भाजपा ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के प्रति ''नए भारत'' के ''कतई बर्दाश्त नहीं'' करने के संकल्प को दर्शाता है। इसने साथ ही कांग्रेस पर ''वोट बैंक की राजनीति'' के लिए आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राणा का प्रत्यर्पण मोदी सरकार और इसकी सुरक्षा एजेंसियों की एक ''बड़ी उपलब्धि'' है। पूनावाला ने कहा, ''यह प्रत्यर्पण कोई साधारण प्रत्यर्पण नहीं है। यह नए भारत के संकल्प का प्रतिबिंब है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में वर्णित करते हुए कहा था कि अगर किसी ने भारत की एकता, अखंडता, सम्मान और इसके निर्दोष लोगों पर हमला करने की हिम्मत की, तो नया भारत ऐसे आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में लाएगा।' वहीं कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार ने मुंबई हमले से जुड़े आतंकी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया न तो शुरू की थी और न ही उसने कोई नई सफलता हासिल की, बल्कि उसे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय हुए कूटनीतिक प्रयासों का लाभ हुआ है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रत्यर्पण डेढ़ दशक के कठिन कूटनीतिक, कानूनी और खुफिया प्रयासों का नतीजा है।

हमले में मारे गए थे 166 लोग

- 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए।
- ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 166 लोग मारे गए, वहीं 9 हमलावर भी मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। एक आतंकी कसाब जिंदा पकड़ा गया।
- आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकी अरब सागर के जरिए भारत की आर्थिक राजधानी में दाखिल हुए।
- इन्होंने मुंबई के दो पांच सितारा होटल, रेलवे स्टेशन और एक यहूदी केंद्र को निशाना बनाया
- आतंकी हमले ने देश के साथ-साथ पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया।

16 साल बाद आया गिरफ्त में

2009
हेडली की गिरफ्तारी के 9 दिन बाद 18 अक्टूबर को राणा को शिकागो में गिरफ्तार किया गया।

2011
2011 शिकागो की अदालत ने उसे लश्कर ए तैयबा की मदद के लिए दोषी ठहराया। लेकिन मुंबई हमले के दोष साबित नहीं हुए

2019
भारत ने पहली बार राणा के प्रत्यर्पण की मांग उठाई

2020
एनआईए ने राणा की अस्थाई गिरफ्तारी की मांग की

2021
भारत ने आधिकारिक तौर पर प्रत्यर्पण की मांग करते हुए अमेरिकी न्याय विभाग को नोट भेजा। बाइडेन प्रशासन ने इसका समर्थन किया

2024
राणा ने अदालत में प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ कोर्ट में अपील की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

डेविड हेडली भी है साजिशकर्ता

मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने में राणा के साथ उसके बचपन को दोस्त डेविड कोलमैन हेडली भी है। वह फिलहाल अमेरिका की जेल में बंद है। उसका असली नाम दाऊद सईद गिलानी था। वह एक पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक है। उसका पिता पाकिस्तानी है और मां अमेरिका से ताल्लुक रखती हैं। वह राणा के साथ लगातार संपर्क में था और उसने अपनी गतिविधियों के लिए मुंबई में एक इमिग्रेशन फर्म खोली थी। वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नाम का एक इमिग्रेशन और ट्रैवल एजेंसी का मालिक राणा ही था। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने मुंबई हमले की योजना बनाई थी।

बलिदानी मेजर संदीप के पिता बोले, अभी बहुत परतें खुलना बाकी

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान आतंकवादियों से लड़ते हुए बलिदान हुए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के पिता के. उन्नीकृष्णन ने कहा कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत की 'कूटनीतिक सफलता' है जो भारत को लंबे समय के बाद मिली है। यह कोई अंतिम बात या बड़ी उपलब्धि नहीं है, इसमें बहुत सी परतें हैं जिन्हें हमें हासिल करना है। एक आम आदमी के लिए, वह एक कड़ी था। जब डेविड कोलमैन हेडली भारत में था, तब उसने 231 कॉल किए थे। सारे सबूत यहां मौजूद हैं।

खबर संक्षेप

दिल्ली में आयुष्मान कार्ड के रजिस्ट्रेशन शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार ने गुरुवार से राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। वित्त मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पहले फेज के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। योजना में कमजोर लोगों को प्रति परिवार 5 लाख की वित्तीय मदद मिलती है।

कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा से 7 महीने में एआईसीसी सचिव और पंजाब का प्रभार छीना

नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो.)। कांग्रेस पार्टी में फेरबदल की शुरूआत हो गई। मप्र के तेजतर्रार प्रवक्ता आलोक शर्मा की एआईसीसी सचिव सह पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से महज 7 महीने के अल्प कार्यकाल में कार्य मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक आधिकारिक आदेश जारी किया। एआईसीसी के मीडिया पैनलिस्ट के रूप में वे अपनी भूमिका जारी रखेंगे। सूत्रों ने बताया कि पंजाब संगठन और प्रभारी महासचिव और छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नापसंदगी को भी आधार माना जा रहा है। गत 30 अगस्त 2024 को ही आलोक शर्मा को सचिव बनाकर पंजाब का प्रभार दिया था। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उस समय कई राज्यों के लिए नए सचिवों और संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की थी। पंजाब में कांग्रेस पिछले कुछ समय से आंतरिक मतभेदों और नेतृत्व के मुद्दों से जूझ रही है। हाल के वर्षों में, पार्टी ने कई बड़े बदलाव देखे हैं।

वक्फ कानून पर घमासान नहीं थम रहा, सियासी बयानबाजी चरम पर

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में शुरू करेगा आंदोलन, कोलकाता में सड़क पर बैठा समाज

वक्फ बचाओ मुहिम शहर से गांव तक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ कानून को लेकर घमासान कम होने का नाम नहीं ले रहा। इसको लेकर सियासी बयानबाजी चरम पर है। इस बीच अब वक्फ कानून को लेकर सड़कों पर उतरकर देशभर में धरना प्रदर्शन करने की भी तैयारी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कानून के खिलाफ देशभर में धरना प्रदर्शन शुरू करने जा रही है, जो करीब एक महीने तक चलेगा।

- भाजपा ने भी काउंटर करने की कर ली तैयारी

बोर्ड ने इसे 'वक्फ बचाओ मुहिम' का नाम दिया गया, जिसके पहले दौर का आगाज 10 अप्रैल से हो गया है और 7 जुलाई तक चलेगा। बोर्ड ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। मुंबई में मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू करेगा। इसके अलावा इसे लेकर कोलकाता के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। आगजनी की। रामलीला मैदान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वक्फ बिल के खिलाफ विशाल प्रदर्शन हुआ. पश्चिम बंगाल जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी ने इसे 'काला कानून' करार दिया।

हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा

करीब एक महीने तक चलेगा इस पर विरोध

बताया जा रहा कि 7 जुलाई को होगा पटाक्षेप

50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस, महिला विंग भी उतरेगी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा देश के बड़े 50 शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने और सभी बड़े शहरों में बुद्धिजीवी समाज के साथ मीटिंग करने की बात कही। वहीं, महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला विंग भी मैदान में उतरेगी और अलग-अलग प्रोगाम आयोजित करेगी।

गांव तक चलेगा अभियान,22 को दिल्ली में 'वक्फ की हिफाजत'

बोर्ड के मुताबिक वक्फ कानून के विरोध में सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्यूमन चेन बनाकर या फिर दूसरे तरीकों से विरोध दर्ज कराएंगे। ये अभियान शाह बानो मामले की तरह शहर से गांव तक चलाया जाएगा। बोर्ड ने 22 अप्रैल को तालकटोरा स्टेडियम में 'वक्फ की हिफाजत' के नाम से एक कार्यक्रम किया जाएगा। लोगों से अपील की गई है कि 30 अप्रैल रात 9 बजे वक्फ के विरोध में लाइटें आंधे घंटे के लिए बंद करें।

अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मोइत्रा

ओवैसी समेत 10 याचिकाओं पर 16 को होगी सुनवाई

वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इस बिल के खिलाफ टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा सुप्रीम कोर्ट चली गई है। महुआ मोइत्रा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथ की पीठ ने इस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका सहित दस अन्य याचिकाओं को 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना में बढ़ाई गई सुविधा

सामग्री लागत में 9.50% की वृद्धि की छात्रों को पर्याप्त पौष्टिक भोजन मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत देश में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में छात्र-छात्राओं को गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसमें उपयोग होने वाली सामग्री लागत में 9.50 फीसदी की वृद्धि की है। इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 954 करोड़ की अतिरिक्त लागत वहन करेगी। इससे विद्यार्थियों को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन मिलता रहेगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि नई दरें 1 मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी। पोषण योजना एक केंद्र प्रायोजित है। जिसके अंतर्गत 10.36 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय आते हैं। यहां बाल वाटिका और कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत 11.20 करोड़ विद्यार्थियों को दिन में एक बार गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है।

मुस्लिमों के दरवाजे जाकर वक्फ एक्ट के फायदे बताएगी भाजपा

अग्रवाल और गौतम को मिली जिम्मेदारी, बिहार पर रखी जा रही नजर

भाजपा अब मुस्लिमों के बीच विरोध की आग को ठंडा करने की कोशिश में जुटेगी। इसकी शुरुआत बिहार से होगी, जहां कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। पार्टी के नेता दरवाजे-दरवाजे जाएंगे और विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए बताएंगे कि कैसे यह कानून मुसलमानों के हित में होगा। जेडीयू को भी मरहम मिलेगा।

विपक्ष के नैरेटिव को हर स्तर पर लाएंगे सामने

पीएम खुद कई बार पसमांदा मुस्लिमों की उपेक्षा का मुद्दा उठा चुके हैं। भाजपा की कोशिश है कि पसमांदा मुस्लिमों के बीच पैठ बनाई जाए। यदि उनका एक हिस्सा भी साथ आया तो विपक्ष का नैरेटिव बुरी तरह बिगड़ेगा। इसे सामने लाएंगे।

सिद्दीकी और एंटनी भी मैदान में उतरेंगे

बिहार में कैंपेन चलाने की जिम्मेदारी राधा मोहन दास अग्रवाल और दुष्यंत गौतम दी गई है। उनके साथ अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी होंगे और अनिल एंटनी भी साथ होंगे। वर्कशॉप में किरेन रिजिजू समेत कई मंत्री आएंगे और बिल की बारीकियों के बारे में जानकारी देंगे। भाजपा नेताओं को हर पहलू की जानकारी हो ताकि मुस्लिम मोहल्लों में कोई दिक्कत न हो।

भाजपा भरवाएगी धन्यवाद मोदी फॉर्म

वक्फ बिल के विरोध में इस प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र भाजपा ने भी जनजागृति अभियान चलाने की तैयारी की है। इसके जरिए मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू होगी। इस यात्रा के जरिए मुसलमानों को वक्फ कानून के बारे में ठीक से समझाया जाएगा। साथ ही हर सवालों का जवाब देने के बाद धन्यवाद मोदी का एक फॉर्म भी भरवाया जाएगा।

भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच पुंछ में एलओसी पर हुई फ्लैग मीटिंग

नई दिल्ली (ब्यूरो.)। बीते कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तोड़े जा रहे संघर्षविराम समझौते, आतंकी घुसपैठ की कोशिशों और आईईडी धमाकों के मामले को लेकर गुरुवार को भारत ने पाकिस्तान के समक्ष जोरदार अंदाज में अपनी नाराजगी जाहिर की। मतलब साफ है कि अब अगर पाकिस्तान ने एलओसी पर फिर से कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे उसका भारतीय सेना द्वारा तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच 10 अप्रैल को पुंछ जिले के चकंदा बाग में एक फ्लैग मीटिंग हुई। जो कुल करीब एक घंटे तक चली और उसमें भारत और पाकिस्तान का नेतृत्व सेना के ब्रिगेडियर रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि एलओसी पर उक्त घटनाक्रम के मध्य दोनों पक्षों के बीच हुई यह दूसरी बैठक थी। जिसमें सीमा प्रबंधन से जुड़े हुए सभी जरूरी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक काठमांडू में

चौहान ने भगवान पशुपतिनाथ के किए दर्शन, रूद्राक्ष व हरसिंगार के पौधे रोपे

सपरिवार मंदिर में जाकर टेका माथा

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक के लिए काठमांडू (नेपाल) के दौरे पर हैं। चौहान ने गुरुवार को बैठक के बाद सपरिवार भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन किया। शिवराज ने इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया है। चौहान ने लिखा कि भगवान पशुपतिनाथ के पावन प्रांगण में रुद्राक्ष और हरसिंगार के पौधे रोपने का सौभाग्य मिला।

श्रद्धालुओं से मुलाकात की

चौहान ने कहा कि भगवान से यही कामना है कि वो सदबुद्धि दें, सबका कल्याण करें और सबको सही मार्ग पर चलाएं। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। बारिश से बचने हाथ में छाता लेकर चलते दिखाई दिए।

कर्म के मार्ग को शिव की प्रेरणा बताया

चौहान ने लिखा कि 4 वर्ष पूर्व नर्मदा मैया की गोद में रोपे संकल्प का बीज पशुपति महादेव के आंगन तक पहुंच गया है। मैं तो बस एक निमित्त हूं, कर्म का यह मार्ग, शिव की प्रेरणा है। महादेव की कृपा बनी रहे और प्रकृति की सेवा का यह संकल्प इसी प्रकार पल्लवित, पुष्पित होता रहे। पशुपतिनाथ के चरणों में यही प्रार्थना है। हर हर महादेव। उन्होंने कहा कि जीवन धन्य हो गया। हमें नई उर्जा और प्रेरणा मिली।

बिहार के कई जिलों में वज्रपात, ओलावृष्टि की चपेट में आने से 25 लोगों की मौत

पटना (भाषा)। बिहार के कई जिलों में बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चपेट में आने से 25 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, नालंदा में 18 लोगों की मौत हुई। इसके बाद सीवान में दो, कटिहार, दरभंगा, बेगूसराय, भागलपुर और जहानाबाद में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। बुधवार को बिहार के चार जिलों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 13 लोगों की मौत हो गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दरभंगा, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, किशनगंज, अररिया, सुपौल, गया, सीतामढ़ी, शिवहर, नालंदा, नवादा और पटना सहित कई जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' (सावधान रहें) जारी किया है। इन जिलों में शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

- नालंदा में 18 लोगों की मौत हुई, सीवान में दो, कटिहार, दरभंगा, बेगूसराय, भागलपुर और जहानाबाद में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

मोदी संत हैं, देशसेवा को पूजा मानते हैं, शाह जो कहते वही करते हैं, उनके जैसा बनना चाहती हूं : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संत हैं और गृह मंत्री अमित शाह का व्यक्तित्व साहसी है। मैं उनके जैसा बनना चाहती हूं। एक इंटरव्यू में मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं वह मोदी को संत मानती हैं। कुछ संत भगवान की सेवा में समर्पित हो जाते हैं। मोदी देश सेवा को ही अपनी पूजा मानते हैं। हमारी पार्टी में ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने अपने-अपने तरीके से देश सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। नितिन गडकरी और अमित शाह भी उनमें से एक हैं। उन्होंने कहा- शाह में कठिन फैसले लेने और लागू करने की क्षमता है, फिर चाहे वे कितने ही मुश्किल हों। उन्होंने देश के लिए कई बड़े फैसले बिना किसी

हिचकिचाहट के लिए हैं। मैं अमित शाह की तरह बनना चाहूंगी। उनमें निर्णय लेने की क्षमता है और वे वही करते हैं जो वे कहते हैं। रेखा गुप्ता दिल्ली के हालिया विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक बनी हैं। भाजपा ने यहां 26 साल बाद चुनाव जीतने के बाद रेखा को सरकार की कमान सौंपी है। विधानसभा की 70 सीटों में से भाजपा ने 48 और आप ने 22 सीटें जीती थी। वहीं, जबकि कांग्रेस एक भी सीट जीत नहीं पाई थी।

अपनी गलतियां स्वीकार करने में आपत्ति नहीं

रेखा ने सीएम बनने से पहले सोशल मीडिया पर विपक्षी नेताओं के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणियों और बयानों पर भी माफी मांगी। उन्होंने कहा- जब हम बचपन में बोलते थे तो शायद हमें भाषा पर बहुत पकड़ नहीं होती थी। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कुछ हद तक परिपक्वता प्राप्त करते हैं और आगे हम ज्यादा बेहतर समझ हासिल करते हैं। कभी-कभी हम बिना इरादे के कुछ गलतियां कर देते हैं। जब आपको कुछ समय बाद पता चलता है कि आपने गलती की है, तो आपको हमेशा याद रखना चाहिए कि भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा नहीं होनी चाहिए। मुझे अपनी गलतियां स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

खबर संक्षेप

हसीना की बढ़ीं मुश्किलें जारी हुआ एक और वारंट

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में

पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उन पर धोखाधड़ी से आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से चार्जशीट दायर की गई।

मस्क का ऐलान, छात्रों के लिए सुपरग्रोक फ्री

नई दिल्ली। एलन मस्क ने हाल ही में एक पोस्ट में बताया कि छात्रों के लिए सुपर ग्रोक फ्री में उपलब्ध है, लेकिन इस ऑफर के साथ कुछ शर्तें हैं। पोस्ट में साफ किया है कि छात्रों को ग्रोक डॉट कॉम पर सुपर ग्रोक की सुविधा सिर्फ दो महीने के लिए मुफ्त में मिलेगी और यह तभी संभव है जब छात्र (ईडीयू) ईमेल आईडी के जरिए लॉगिन करें। ईडीयू डोमेन सिर्फ अमेरिका की यूनिवर्सिटीज को दिया जाता है, इसलिए भारत में पढ़ रहे छात्रों के लिए यह सुविधा नहीं है। आने वाले समय में वे दूसरे देशों के ईडीयू जैसे ईमेल एड्रेस को भी सपोर्ट शुरू करेंगे।

इटली के डिप्टी पीएम आज भारत आएंगे

नई दिल्ली। इटली के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी 11-12 अप्रैल को भारत आएंगे।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने यह जानकारी दी। तजानी 11 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगे और हैदराबाद हाउस में जयशंकर और वाणिज्य भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। 12 अप्रैल को वह दोपहर में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात करेंगे।

रूस के खिलाफ नाटो ने बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया

मुख्यालय में बुलाई 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक, यूक्रेन में सेना तैनात करने पर होगी चर्चा

पहले हुई बैठक में हुए समझौते को मूर्त रूप देने पर काम किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

यूक्रेन पर तीन साल से जारी युद्ध में लगातार हावी हो रहे रूस के खिलाफ अब नाटो ने बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है। नाटो रूस के खिलाफ बड़ी रणनीति तैयार करने का संकेत दिया है।

इस बाद नाटो ने अपने मुख्यालय में 30 देशों के रक्षामंत्रियों की बड़ी बैठक बुलाई है। इसकी अगुवाई ब्रिटेन और फ्रांस कर रहे हैं, जिन्होंने लगभग 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की एक बैठक बुलाई है। नाटो का कहना है कि बैठक का उद्देश्य रूस के साथ किसी भी भावी शांति समझौते की निगरानी के लिए, यूक्रेन में सेना तैनात करने की योजना पर चर्चा करना है।

रक्षा मंत्रियों की यह पहली बैठक

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मुख्यालय में होने वाली यह बैठक तथाकथित गठबंधन में शामिल देशों के रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक होगी। पिछले सप्ताह वरिष्ठ ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैन्य अधिकारियों ने कीव की यात्रा की थी, जिसके बाद यह बैठक बुलाई गई है। उम्मीद है कि इसमें नेताओं के बीच पहले हुई बैठक में हुए समझौते को मूर्त रूप देने पर काम किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन और जर्मनी करेंगे

अमेरिका इस बैठक में भाग नहीं लेगा। शुक्रवार को, यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन जुटाने के लिए लगभग 50 देशों के प्रतिनिधि नाटो मुख्यालय में एकत्रित होंगे। इस बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन और जर्मनी करेंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के इसमें भाग लेने की उम्मीद नहीं है। यूक्रेन सरकार के अधिकारियों और सैन्य विश्लेषकों ने कहा है कि रूसी सेनाएं कीव पर दबाव बढ़ाने और युद्ध विराम वार्ता में क्रेमलिन की स्थिति को मजबूत करने के लिए आने वाले हफ्तों में यूक्रेन में एक नया सैन्य आक्रमण शुरू करने की तैयारी कर रही हैं।

जेलेंस्की का बड़ा दावा

150 से ज्यादा चीनी सैनिक रूस की तरफ से लड़ रहे

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बड़ा दावा किया है और आरोप लगाया है कि 150 से ज्यादा चीनी सैनिक रूस की तरफ से यूक्रेन में लड़ रहे हैं। यूक्रेन ने दावा किया है कि उनकी सेना ने पूर्वी डोनेत्सक क्षेत्र में लड़ रहे दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसके एक दिन बाद ही यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा कर दिया है कि उनके पास 150 से ज्यादा चीनी नागरिकों की जानकारी है, जो रूस की तरफ से यूक्रेन में लड़ रहे हैं। वहीं चीन की सरकार ने यूक्रेन के दावे को खारिज कर दिया है और इसे आधारहीन बताया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे यूक्रेन के दावे की जांच कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध में चीनी नागरिकों की संलिप्तता से साफ है कि रूस युद्ध को बढ़ाना चाहता है। उन्होंने यूक्रेनी युद्धबंदियों के बदले पकड़े गए चीनी नागरिकों को छोड़ने की भी पेशकश की।

दीक्षांत समारोह में बोले रक्षा मंत्री

राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिए साइबर हमले बन रहे हैं साधन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ वेलिंगटन (तमिलनाडु)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ग्रे जोन' और 'हाइब्रिड' (मिश्रित) युद्ध के युग में साइबर हमले तथा गलत सूचना अभियान राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों की प्राप्ति के साधन बन रहे हैं। रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि वर्तमान में जारी संघर्ष और समकालीन रुझान इस तथ्य को उजागर करते हैं कि युद्ध की परंपरागत धारणाएं नए सिरे से परिभाषित की जा रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के कुन्नूर में वेलिंगटन छावनी के स्मारक चौक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए जान कुर्बान करने वाले सैनिकों को याद किया। यह दौरा आर्मी ट्रेनिंग कॉलेज में पासिंग-आउट परेड के मौके पर हुआ।

हमारे सामने सतत खतरे बने हुए

रक्षा मंत्री ने कहा कि हम 'ग्रे जोन' और मिश्रित युद्ध के युग में हैं जहां साइबर हमले, गलत सूचनाओं का प्रचार और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं जिनसे एक भी गोली दागे बिना राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों को लक्ष्य बनाने के साथ ही उन्हें हासिल भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर हमारे सामने सतत खतरे बने हुए हैं। छद्म युद्ध और हमारे पड़ोस में आतंकवाद के केंद्र से पैदा होती दहशतगर्दी के कारण यह खतरा और जटिल हो जाता है। रक्षा मंत्री ने युवा अधिकारियों से कहा कि आप भविष्य के सैन्य नेता हैं। आपको बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। आज दुनिया तेजी से बदल रही है। डिजिटल सुरक्षा, तकनीक और नई चुनौतियां आपके सामने होंगी। इनसे निपटने के लिए आपको तैयार रहना होगा।

वैश्विक चुनौतियों के बीच गोयल का आश्वासन

घबराएं नहीं सकारात्मक पहलुओं पर दें ध्यान, सरकार समाधान तलाश रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री (सीआईएम) पीयूष गोयल द्वारा निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग निकायों के साथ आयोजित बैठक में निर्यातकों से कहा कि वे घबराएं नहीं और वर्तमान परिदृश्य में सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम देश के लिए सही परिणाम सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। सरकार वैश्विक व्यापार वातावरण में हाल के बदलावों को सफलतापूर्वक नेविगेट करने में सक्षम बनाने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए काम करेगी।

माल और सेवा निर्यात 820 बिलियन डॉलर पार

गोयल ने बताया कि भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के

778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने लाल सागर संकट, खाड़ी क्षेत्र में इजराइल-हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन संघर्ष के लगातार बने रहने और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में धीमी वृद्धि सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद निर्यात में सर्वकालिक उच्च उपलब्धि के लिए निर्यातकों की सराहना की।

भारत और यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत जारी

सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए उठाए कदम

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत और यूके ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

यह जानकारी लंदन में आयोजित '13वें इकोनॉमिक एंड फाइनेंशियल डायलॉग' में दी गई, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स ने की। एक साझा बयान में कहा गया कि ब्रिटिश पक्ष को अपनी आगामी औद्योगिक रणनीति के बारे में जानकारी देने में खुशी हुई, जिसके तहत यह साझेदारी औद्योगिक रणनीति के प्राथमिकता वाले विकास को बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों, जैसे उन्नत विनिर्माण और लाइफ साइंस, को सपोर्ट कर सकती है, जहां ब्रिटिश विशेषज्ञता और रिसर्च क्षमता भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने में मदद कर सकती है। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा, पेशेवर और व्यावसायिक सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, क्रिएटिव उद्योगों और रक्षा में नौकरियों और आर्थिक विकास को समर्थन दे सकती है।

खास बातें

- भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक रोडमैप पर करेंगे हस्ताक्षर
- स्वच्छ ऊर्जा, व्यावसायिक सेवाओं में करेंगे सहयोग

औद्योगिक संबंधों को करेंगे मजबूत

दोनों पक्ष औद्योगिक क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सप्लाई चेन को सपोर्ट करने के लिए 'भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक रोडमैप' पर हस्ताक्षर करने पर विचार कर रहे हैं। भारत और यूके ने हाल के वर्षों में हुए फाइनेंशियल सर्विसेज ट्रेड का स्वागत किया, इसे और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

रुपए को अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में विकसित करने पर चर्चा

संयुक्त बयान के अनुसार दिसंबर 2024 में भारत की गिफ्ट सिटी आईएफएससी में आयोजित फाइनेंशियल मार्केट्स डायलॉग (एफएमडी) ने बैंकिंग, इंश्योरेंस, पेंशन, कैपिटल मार्केट्स और सस्टेनेबल फाइनेंस में हमारे सहयोग को गहरा करने का अवसर प्रदान किया और हमारी टीमें इस वर्ष के अंत में लंदन में अगले एफएमडी के लिए मिलेंगी। इस डायलॉग में भारतीय रुपए के अंतरराष्ट्रीकरण पर भी चर्चा की गई। इससे रुपए को एक अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में विकसित होने में भी मदद मिलेगी।

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

ACTIVA
110CC & 125CC

3 YEAR FREE SERVICE MAINTENANCE PACKAGE
WORTH ₹5500/-*

CASHBACK OF 5%
UP TO ₹5000/-#

LOW ROI
@7.99%**

Honda RoadSync App
Smart Coloured TFT with 3 Modes
Smart Key Technology

IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS²

Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. ***The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. ****The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. ¹Cashback Offer available on all Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. ²Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. ³Valid on one transaction per card/order during the offer period. ⁴The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. #For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. ^Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative are may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT: Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in